



# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। रविवार 21 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 191 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## गाजियाबाद में आज सीएम पुष्कर धामी, केशव मौर्या, मनोज तिवारी और यूथ आइकॉन नीरज सिंह करेंगे अतुल गर्ग के लिए चुनाव प्रचार

### उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी हिंदी भवन में शाम 4 बजे व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण चुनाव प्रचार रविवार को तेज रहेगा। बीजेपी के कई स्टार प्रचारकों, वक्ता आज गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क व प्रचार करेंगे। भाजपा महा नगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी हिंदी भवन में शाम को 4 बजे व्यापारी सम्मेलन में पहुंचेंगे। यहां क्षेत्र के सभी व्यापारी बन्धुओं को सम्बोधित करेंगे। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का पहला कार्यक्रम साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र खोड़ा में गज्जी भाटी गेट इंदिरा विहार में शाम 4 बजे, उसके बाद दूसरा कार्यक्रम में लोनी विधानसभा स्थित सीआरसी इंटर कॉलेज पावी में शाम को 5:30 बजे जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगे।

साहिबाबाद विधानसभा में पूर्वांचल नरेश दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी खजूरी पार्क में आयोजित पूर्वांचल व स्थानीय लोगों की सभा को सम्बोधित करने शाम 6 बजे पहुंचेंगे । फिक्की फेडरेशन के अध्यक्ष व यूथ आइकॉन नीरज सिंह 21 तारीख को ही गाजियाबाद में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम , कार्यकर्ताओं, संग बैठक, चुनावी सभाएं आदि में उपस्थित रहेंगे।




# यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी

## हाई स्कूल में प्राची और 12वीं में शुभम वर्मा टॉपर

### इस बार भी लड़कियां रहीं लड़कों से आगे

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने प्रयागराज स्थित मुख्यालय में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही बोर्ड ने टॉपर्स लिस्ट भी जारी कर दी है। इस साल दोनों कक्षाओं की ही परीक्षाओं में लड़कियां, लड़कों से आगे रहीं। लड़कियों ने फिर बाजी मारी है। 12वीं में सीतापुर के शुभम ने टॉप किया है। दसवीं में सीतापुर की प्राची निगम ने टॉप किया है। प्राची निगम के पिता चन्द्रप्रकाश निगम भाजपा नेता हैं।




### सीएम योगीआदित्यनाथ ने छात्रों को दी बधाई



सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई! आप सभी 'नए उत्तर प्रदेश' का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। माँ शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे!'

### इंटरमीडिएट में छात्र और छात्राओं का परिणाम

इंटरमीडिएट में छात्रों का का 77.78% पास प्रतिशत रहा जबकि छात्राओं का 88.4 2% रहा। इस बार यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी से 9 मार्च तक किया गया था। 12वीं की परीक्षा के लिए करीब 25 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था। इंटरमीडिएट परीक्षा के कुल परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.60 है। परीक्षार्थियों में कुल 13,41,356 लड़के और 11,11,474 लड़कियां शामिल हैं।

### गाजियाबाद में 10वीं में टिमोथी, 12वीं में ध्रुव बने टॉपर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के नतीजे शनिवार को घोषित कर दिए। गाजियाबाद में 10वीं का रिजल्ट 94.29% रहा। 10वीं में 30017 छात्र-छात्रा पंजीकृत थे। इसमें से 28534 ने परीक्षा दी। 26906 छात्र-छात्रा परीक्षा में पास हुए हैं। महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र टिमोथी मंडल 96.83% अंक लाकर 10वीं के जिला टॉपर बने हैं। दूसरे नंबर पर इसी कॉलेज के छात्र हर्ष पाल ने 96.50% अंक पाए हैं।

**जिले का रिजल्ट रहा 94.29%**

**जेल के 34 बंदी भी हुए पास**


पढ़ें, शेष पेज 2


### मुरादाबाद : मतदान के एक दिन बाद भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह की मौत



**मुरादाबाद, करंट क्राइम:** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानी को संपन्न हो गया। उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ है। मुरादाबाद में भी शुक्रवार को मतदान हुआ। मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा ने सर्वेश सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। शनिवार को सर्वेश सिंह का निधन हो गया है। मुरादाबाद से लोकसभा प्रत्याशी सर्वेश सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कल एम्स में दिखाने गए, वहां हार्टअटैक आ गया। मुरादाबाद में कल ही लोकसभा चुनाव हुआ है। सर्वेश सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भाजपा के अकेले ठाकुर प्रत्याशी थे। रविवार को सर्वेश सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में होगा। देर रात तक शव पहुंचेगा। उनकी मौत एम्स दिल्ली में हुई है।

## युवाओं एवं व्यापारियों को साधने आज समरकूल आ रहे हैं नीरज सिंह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। इसी कड़ी में आज देश के युवाओं में अपनी गहरी पैठ रखने वाले फिक्की के चेयरमैन नीरज सिंह भी गाजियाबाद आ रहे हैं। लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में युवाओं और व्यापारियों को एकजुट करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रसिद्ध उद्योगपति संजीव कुमार गुप्ता के समरकूल प्रतिष्ठान पर एक बड़ी सभा को संबोधित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में नीरज सिंह आ रहे हैं। नीरज सिंह की गाजियाबाद में स्वयं की एक खासी लोकप्रियता है।

### चुनाव प्रबंधन के मास्टर माने जाते है नीरज सिंह



(करंट क्राइम)। गाजियाबाद में कोई भी चुनाव हो उसमे भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए नीरज सिंह का आना तय माना जाता है। नगर निगम के उपचुनाव के दौरान तत्कालीन महापौर प्रत्याशी अशु वर्मा के चुनाव में तो नीरज सिंह ने मुख्य रूप से अपनी भूमिका निभाते हुए गाजियाबाद के नेताओं को यह साबित करके दिखाया था कि चुनाव प्रबंधन में भी उन्हें महारत हासिल हैं। यही बात उन्होंने पिता और वर्तमान में भारत सरकार में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ लोकसभा में भी साबित करके दिखाई है। वह लोकप्रिय नेता होने के साथ-साथ एक सफल रणनीतिकार भी हैं। समरकूल पर नीरज सिंह के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम के संयोजक और महानगर कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता खासे उत्साहित हैं। उनके अनुसार इस कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ-साथ विधायकगण और संगठन के मुखिया संजीव शर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जिसके चलते वह पूरे जोर-शोर से

# व्हाट्सएप के एडमिन हो जाएं सावधान!

## नहीं दिया ध्यान तो आ जाएगा एफआईआर में नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चुनावी आचार संहिता लागू है और गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन और सूचना विभाग पूरी तरीके से अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला सूचना अधिकारी एवं सदस्य सचिव एमसीएमसी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और टेलीग्राम आदि सोशल मीडिया अकाउंट्स पर समान रूप से आचार संहिता लागू हो रही है। विशेष कर व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क किया जाता है कि वह आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करें और ग्रुप के सदस्यों को भी करवाएं। इस दौरान अगर किसी भी ग्रुप में कोई भड़काऊ, आपत्तिजनक और भ्रामक सूचना आएगी या फोटो- वीडियो डाला गया तो एडमिन के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। ऐसे में व्हाट्सएप के ग्रुप एडमिन अलर्ट हो जाएं, उनके ग्रुप पर कोई भी ऐसी सामग्री आती है जो भड़काऊ, भ्रामक और तथ्यहीन होती है तो उनके खिलाफ मुकदमा लिखा जा सकता है।

**चुनाव को लेकर भ्रामक, भड़काऊ कंटेंट पर रहेगी पुलिस-प्रशासन की नजर**



# बसपा सुप्रीमो मायावती आज कवि नगर रामलीला मैदान में करेंगी उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर के पक्ष में जनसभा



*गाजियाबाद, करंट क्राइम : बहुजन समाजवादी पार्टी की प्रमुख और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रविवार को कवि नगर स्थित रामलीला मैदान में उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के पक्ष में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। मायावती के कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियों की ओर से यहां जर्मन हैंगर पंडाल लगाने से लेकर मायावती के लिए मंच और पदाधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि रविवार को मायावती लगभग दो बजे के आसपास अमरोहा की चुनावी सभा को संबोधित करके गाजियाबाद के कवि नगर रामलीला मैदान पहुंचेंगी और यहां उनका चुनावी भाषण होगा। इस दौरान वह पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों से मुलाकात करने के साथ ही लोकसभा उम्मीदवार नंद किशोर पुंडीर के लिए जनसभा में संदेश देने का काम भी करेंगी। रविवार को एडीएम सिटी गंभीर सिंह, डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, नगर निगम और अन्य विभाग के पदाधिकारियों ने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही बसपा पदाधिकारियों से बातचीत भी की।*



## पार्टी पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

## प्रशासनिक अधिकारियों ने भी डाला कार्यक्रम स्थल पर डेरा

### एयर कंडीशन बनाया गया है बहन जी का मंच



करंट करंट : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती कवि नगर रामलीला मैदान के कार्यक्रम स्थल पर मंच पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी। इसके लिए यहां भव्य मंच बनाया गया है। साथ ही उनके मंच को एयर कंडीशन से युक्त किया गया है। गर्मी के मौसम को देखते हुए यहां पांच कंडीशन लगाए गए हैं। इसके साथ ही पंडाल में बड़ी संख्या में कुर्सी, पंखे और साउंड सिस्टम लगाने का भी काम पूरा कर लिया गया है।

### हेलीपैड का भी अधिकारियों ने किया गहन निरीक्षण

करंट क्राइम : मायावती का कार्यक्रम है और वह सीधे यहां हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगी। शनिवार को पुलिस प्रशासन और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हेलीपैड का निरीक्षण किया है। इसके साथ ही बसपा के जिलाध्यक्ष दयाराम सैन, बसपा के स्टार प्रचारक कुलदीप कुमार ओके, पदाधिकारी रवि गौतम सहित अन्य पार्टी से जुड़े लोगों ने यहां का निरीक्षण और व्यवस्थाओं का अंतिम रूप जान लिया है।



### गाजियाबाद और बागपत के प्रत्याशियों को मिलेगा आशीर्वाद

करंट क्राइम : बसपा सुप्रीमो गाजियाबाद में पदाधिकारियों और जनता को संबोधित करने के लिए आ रही हैं, तो वह इस दौरान गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर और बागपत सीट से प्रत्याशी प्रवीण बंसल को अपना आशीर्वाद देंगी। साथ ही जनता से अपील करेगी कि दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में वह वोट करें।

### बड़ी संख्या में तैनात की जाएगी पुलिस फोर्स

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में यहां पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री के मंच के आगे डी की व्यवस्था भी की गई है ताकि किसी प्रकार की सुरक्षा में कोई लापरवाही ना रहे। इसी के साथ सादे कपड़ों और विशेष ड्यूटी पर भी पुलिसकर्मियों को नियुक्त किया गया है। यहां अधिकांश ड्यूटी सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले थानों और पुलिस लाइन के स्टाफ को दी जाएगी।



# गाजियाबाद में 10वीं में टिमोथी, 12वीं में ध्रुव बने टॉपर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तीसरे नंबर पर केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र आदित्य सिरोही ने 95.67% अंक पाए हैं। 10वीं के टॉप-10 टॉपर लिस्ट में 5 लड़कियां और 11 लड़के शामिल हैं। 12वीं में रोज वैली पब्लिक स्कूल विजयनगर के छात्र ध्रुव चौहान 96.40% अंक के साथ जिला टॉपर बने हैं। सरस्वती इंटर कॉलेज कविनगर के छात्र अंश ने 95.80% अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान पाया है। केएन मोदी कॉलेज मोदीनगर के छात्र विवेक कुमार, एस धरम इंटर कॉलेज के छात्र अंकुश और महर्षि दयानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के छात्र आर्यन शर्मा ने 12वीं में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 की सभी सफल विद्यार्थियों को दैनिक करंट क्राइम की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



## देहात के छात्रों ने जमकर पाए मार्क्स

**करंट क्राइम ।** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में देहात के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज के छात्र अनस ने हाईस्कूल में चौथा स्थान हासिल किया। श्री हंस इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्राएं काजल और निशा ने भी संयुक्त रूप से जिले में सातवां स्थान पाया। मेधावियों को कॉलेज में सम्मानित किया गया। असालतनगर स्थित पूर्ण ज्ञानांजलि कॉलेज के छात्र अनस ने 600 में से 565 अंक (94) प्रतिशत) हासिल किए। कॉलेज के प्रबंधक योगेंद्र चौधरी ने छात्रों को बधाई दी। अनस ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए इंटरनेट की सहायता ली. लेकिन परीक्षा से दो महीने पूर्व मोबाइल से दूरी बना ली थी। वह सिविल सेवाओं की तैयारी करना चाहते हैं। श्री हंस कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि हाईस्कूल में काजल रानी ने 93.5, निशा ने 93.5 फीसदी अंक प्राप्त किए। दोनों ने संयुक्त रूप से जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया। इंटर में हर्ष ने 92.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। सभी मेधावी छात्रों को कॉलेज बुलाकर मुंह मीठा कराया गया। काजल और निशा उच्च शिक्षा प्राप्त कर वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। नगर के अधिकतर स्कूल और कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

## महर्षि दयानंद विद्यापीठ गोविंदपुरम का रिजल्ट रहा टॉप

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद के हाई स्कूल में इस वर्ष 360 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी थी, जिसमें से लड़के 187 और 173 लड़कियां हाई स्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हुए। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल में जनपद की वरीयता सूची में विद्यालय के 5 विद्यार्थियों तिमोती मंडल 96.83% प्रथम, हर्षपाल 96.50%द्वितीय, शांतनु 93.83% छटा, युगल किशोर 93.67%सातवां,पूर्वी शुक्ला93.33% ने नोवां स्थान प्राप्त किया। तिमोती मंडल ने राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है ।कुल 360 बच्चों में से 360.. प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 286 बच्चों ने 75% या इससे अधिक अंक प्राप्त किये ।172 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए और 26 बच्चों ने 90% व उससे अधिक अंक प्राप्त किए है।

## महर्षि दयानंद विद्यापीठ गोविंदपुरम का रिजल्ट रहा टॉप

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद के हाई स्कूल में इस वर्ष 360 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी थी, जिसमें से लड़के 187 और 173 लड़कियां हाई स्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हुए। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। हाई स्कूल में जनपद की वरीयता सूची में विद्यालय के 5 विद्यार्थियों तिमोती मंडल 96.83% प्रथम, हर्षपाल 96.50%द्वितीय, शांतनु 93.83% छटा, युगल किशोर 93.67%सातवां,पूर्वी शुक्ला93.33% ने नोवां स्थान प्राप्त किया। तिमोती मंडल ने राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है ।कुल 360 बच्चों में से 360.. प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 286 बच्चों ने 75% या इससे अधिक अंक प्राप्त किये ।172 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए और 26 बच्चों ने 90% व उससे अधिक अंक प्राप्त किए है।


## इंटरमीडिएट परीक्षा में 99.80 प्रतिशत रहा रजिल्ट

**करंट क्राइम ।** विद्यालय के 485 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिनमें छात्र 250 और 235 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 99.80 प्रतिशत रहा है । जनपद की इंटरमीडिएट की वरीयता सूची में चार विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है,आर्यन शर्मा 95.40% ने तीसरा, पुष्कर 93.20% सातवां, अभय कुमार92.80 %आठवां, रिंकी पुंडीर92.06% नवा स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में 455 बच्चों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त किए, 214 बच्चों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किये और 128 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। 14 बच्चों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किया यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं की मेहनत व मार्गदर्शन तथा समर्पित प्रबंधन तंत्र के कारण ही संभव हो पाया है।

# नगरनिगम बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर का रिजल्ट जारी

## 10वीं व 12वीं का 100 प्रतिशत परिणाम रहा


कक्षा 10 की छात्राएं



भूमि 83.8 प्रतिशत | मुस्कान 82.5 प्रतिशत | मोनिका कुमारी 81.5 प्रतिशत



कक्षा 12 की छात्राएं



संगीता 80.6 प्रतिशत | नेहा 78.4 प्रतिशत | रीतिका 77.4 प्रतिशत | मंजू 75.6 प्रतिशत | शीतल 75.4 प्रतिशत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** यूपी बोर्ड के दसवीं और 12वीं का परिणाम जारी हो गया है। नगरनिगम बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर का रिजल्ट 100 फीसद रहा। प्रधानाचार्य अनिता वशिष्ठ ने विद्यालय के 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी बालिकाओ उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना करती हूं। 10वीं व 12वीं का 100 प्रतिशत परिणाम रहा।



# भारत का सबसे ठंडा शहर गर्मियों में भी लगती है ठंड

**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम आ गया है। इस मौसम में तापमान बढ़ने लगता है। चिलचिलाती धूप और गर्मी के कारण पसीना छूटने लगता है। ऐसे मौसम में न तो बाहर निकलते बनता है और न ही लगातार घर में रहने का मन करता है। गर्मियों में लोग किसी ठंडी जगह पर राहत भरी छुट्टियां मनाना चाहते हैं। हालांकि कई हिल स्टेशन ऐसे हैं, जहां गर्मियों में अन्य जगहों की तुलना में तापमान कम होता है लेकिन धूप और गर्मी भी महसूस हो सकती है। धूप में हिल स्टेशनों को भी लोग घूमना नहीं चाहते हैं।



### तवांग शहर

अरुणाचल प्रदेश का तवांग शहर भी सबसे ठंडी जगहों में शामिल है। इस स्थान पर सर्दियों के मौसम में यहां भारी बर्फबारी और हिमस्खलन होता है। वहीं गर्मियों में यहां का तापमान कम ही होता है। तवांग की प्राकृतिक सुंदरता और ठंडक गर्मियों में पर्यटकों को यहां आने के लिए प्रोत्साहित करती है।



### भारत की सबसे ठंडी जगह

लेह लद्दाख में पूरे साल ठंडक रहती है। लद्दाख हिमालय पर्वतमाला के बीच बसा है, जहां सर्दियों में तो इतनी ठंड होती है कि तापमान माइनस के पार चला जाता है। वहीं गर्मियों में यह जगह घूमने के लिए बेहतर रहती है। गर्मियों के मौसम में यहां का पारा 2 से 12 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। इस दौरान बर्फीले पहाड़ देख सकते हैं और मई जून की चिलचिलाती गर्मी में ठिठुरन वाली सर्दी को महसूस कर सकते हैं।

### द्रास और सियाचिन ग्लेशियर

अप्रैल के महीने में जहां राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है, वहीं द्रास में लगभग 7 डिग्री सेल्सियस है। द्रास लेह लद्दाख में कारगिल जिले में स्थित एक टाउन है, जिसे भारत का सबसे ठंडा शहर माना जाता है।

वहीं सियाचिन ग्लेशियर भी सबसे ठंडे स्थानों में से एक है। यहां का तापमान शून्य से -50 डिग्री सेल्सियस तक कम हो जाता है। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय की पूर्वी काराकोरम पर्वतमाला में भारत पाक नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक हिमानी यानी ग्लेशियर है।

# गैंगस्टरों की सूची लीक मामले में राजभवन ने ईसीआई का किया रुख, चुनाव अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला बोल रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर उपाय अपनाए जा रहे हैं। ऐसे में राजभवन ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का रुख किया है। उसने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के उन अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया, जिन्होंने राजनीतिक दलों को गैंगस्टरों और बदमाशों के नाम वाली सूची उपलब्ध करवाई है।



**राज्पाल ने तैयार की थी अपराधियों की एक सूची :** दरअसल, आम चुनावों के मद्देनजर बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के कार्यालय ने अपने तंत्र का इस्तेमाल करते हुए राज्य भर के संदिग्ध अपराधियों की एक सूची तैयार की थी, जिनका इस्तेमाल राजनीतिक दल चुनाव की तारीखों पर या उससे पहले मतदाताओं को डराने और कानून एवं व्यवस्था की अन्य समस्याएं पैदा करने के लिए कर सकते हैं।

**इसलिए लिया था फैसला :** एक अधिकारी ने बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में राजभवन ने ऐसे और असामाजिक तत्वों की एक सूची राज्य के पुलिस महानिदेशक के जरिए पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ साझा की थी ताकि हालातों को सामान्य रखा जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके।

**सूची लीक करवाने का अंदेशा :** सूत्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के शीर्ष राजनीतिक नेताओं को राजभवन द्वारा मुहैया कराई गई संदिग्ध अपराधियों की सूची लीक की हो सकती है। अगर सूची लीक की गई है तो ऐसा करके चुनाव के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के राज्यपाल के प्रयासों को विफल किया जा सकता है।


**शिकायतों पर लिया संज्ञान :** बंगाल में राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों को लेकर राज्यपाल कार्यालय और राज्य प्रशासन के बीच लगातार टकराव के मद्देनजर राजभवन ने यह कदम उठाया है।

# सलाखों के पीछे देश का भविष्य 36 बंदियों ने पास की परीक्षा

**आगरा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी हो गया। इसमें स्कूल जाकर पढ़ाई करने वाले छात्रों ने तो मेहनत करके इतिहास रचा ही, साथ ही जेल में बंद बंदियों ने भी अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। जेल की सलाखें भी उनका हौसला पस्त न कर पाईं।

आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी और एटा जेलों में बंद जिन बंदियों ने भी परीक्षा दी थी। दसवीं की परीक्षा देने वाले सभी 14 बंदी पास हो गए। यानि इन जेलों का परिणाम 100 फीसदी रहा। वहीं इंटरमीडिएट में परीक्षा देने वाले 27 बंदियों में 22 बंदी पास हुए। यानि 81 फीसदी परिणाम रहा।

दसवीं की परीक्षा के लिए आगरा



जेल में बंद नौ बंदियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से आठ परीक्षा में शामिल हुए। ये सभी पास हो गए हैं। वहीं मथुरा जेल में बंद आठ बंदियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से छह परीक्षा में शामिल हुए। ये सभी भी पास हो गए। इसके अलावा मैनपुरी और एटा से एक-एक बंदी ने पंजीकरण कराया था। लेकिन वह परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

वहीं बारहवीं की परीक्षा के लिए आगरा जेल में बंद 11 बंदियों ने पंजीकरण कराया था।

# बृज विहार में नाला जाम सड़क पर बह रहा गंदा पानी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार में नाले जाम होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा होने की समस्या लाइलाज हो चुकी है। विभाग इस समस्या का समाधान करवाने में असफल रहे हैं, जबकि रोजाना इस सड़क से व्यापारी व स्कूली गुजरते हैं, लेकिन इस ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं गया। कुछ दिन पहले नाले का निर्माण कार्य शुरू किया था। ने दुकानों के बाहर बने थड़े तोड़ कर नाले की सफाई की थी। इसके बावजूद यह समस्या जैसे के तैसे ही बनी हुई है।

इस मार्केट में दुकानदारी करते दुकानदारो ने बताया कि सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण उनकी दुकानदारी खराब हो रही है। दुकानों के आगे गंदा पानी खड़ा होने के कारण ग्राहक दुकान में आने से कतराता है। उन्होंने कई विभाग के अधिकारियों को समस्या संबंधी लिखित शिकायत भी दी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# माकपा नेता के व्याख्यान पर भड़के राज्यपाल

**तिरुवनंतपुरम।** सीपीआईएम नेता जॉन ब्रिटास द्वारा केरल यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी इस मुद्दे पर सीपीआईएम पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कुछ लोग कानून तोड़ने को अपना अधिकार समझते हैं। राज्यपाल ने ये भी कहा कि वह इस मामले में यूनिवर्सिटी से स्पष्टीकरण की मांग करेंगे।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर में चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से प्रतिबंध होता है। ऐसे में अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन इस प्रतिबंध को नजरअंदाज करता है और किसी को बैठक करने की अनुमति देता है तो मुझे स्पष्टीकरण मांगना होगा, लेकिन जहां तक मैं जानता हूं तो यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बैठक करने से इनकार किया था। अब चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

# संदेशखाली पहुंची सीबीआई की टीम

## महिलाओं के खिलाफ अपराध, जमीन पर कब्जे की जांच शुरू

**कोलकाता।** सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम शनिवार को संदेशखाली पहुंची। सीबीआई टीम ने संदेशखाली पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें दर्ज कीं। टीम के कुछ सदस्यों ने घर-घर जाकर पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे पूरी जानकारी ली। वहीं दूसरी टीम स्थानीय पुलिस स्टेशन गई और पुलिस से मामले से जुड़ी जानकारी हासिल की।

### सीबीआई ने शुरू की जांच

सीबीआई टीम ने बताया कि हमने संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और जमीन कब्जाने के मामले की जानकारी ली और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीते हफ्ते ही सीबीआई को संदेशखाली मामले की जांच करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सीबीआई को जांच कर अदालत में जांच रिपोर्ट देने को कहा है। टीएमसी नेता शाहजहां




शेख और उसके साथियों पर संदेशखाली में लोगों की जमीन कब्जाने और महिलाओं का यौन शोषण करने का गंभीर आरोप है। शाहजहां शेख समेत अन्य आरोपी जेल में बंद हैं। संदेशखाली के आरोपों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली में अगर यौन उत्पीड़न के आरोप एक प्रतिशत भी सही हैं तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को भी फटकार लगाई थी।

संदेशखाली बीते काफी समय से चचाओं में बना हुआ है। बीती 5 जनवरी को ईडी की टीम जब राशन घोटाले में शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी, उस वक्त ईडी टीम पर हमला हुआ, जिसमें कई अधिकारी घायल हुए थे। इसके बाद जब शाहजहां शेख फरार था, उसी दौरान संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन कब्जाने के मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया।

# चॉकलेट खाने से बिगड़ी की बच्ची की तबीयत

## डेढ़ साल की बच्ची को खून की उल्टियां आईं, लुधियाना से आई थी पटियाला

**पटियाला।** पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की तबीयत बिगड़ गई है।

बताया जा रहा है कि बच्ची की हालत काफी गंभीर है और उसे खून की उल्टियां आनी शुरू हो गई हैं। बच्ची को लुधियाना के सीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल बच्ची लुधियाना की रहने वाली है और अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में पटियाला आई हुई थी।



14 अप्रैल को वापसी के समय रिश्तेदारों ने बच्ची को गिफ्ट के तौर पर चाकलेट, कुरकुरे व जूस का एक बकेट तैयार कराके दिया था।

रिश्तेदार विक्की के मुताबिक सारे सामान की खरीदारी राघोमाजरा में पीली सड़क पर पड़ती एक दुकान से की गई थी। वापस जाने के बाद 17 अप्रैल को इस गिफ्ट को खोल कर बच्ची को खाने के लिए एक चॉकलेट दिया गया।

एक चॉकलेट परिवार की 22 साल की एक युवती ने भी खाया। चॉकलेट खाते ही दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी।

युवती तो कुछ देर बाद ठीक हो गई, लेकिन डेढ़ साल की बच्ची की हालत गंभीर हो गई। उसे खून की उल्टियां आने लगीं। जब परिवार ने गिफ्ट में मिली बकेट को खोल कर चेक किया, तो उसमें पैक किया ज्यादातर खाने-पीने का सामान एक्सापायरी था। बच्ची के परिवार वालों ने इस बारे में पटियाला में अपने रिश्तेदारों से बात की। उधर बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### सेहत विभाग ने दुकान पर मारा छापा

पटियाला में बच्ची के रिश्तेदारों ने इसकी पुलिस को शिकायत की। जिसके बाद मामला सेहत विभाग तक पहुंचा। जिला सेहत अधिकारी डॉ. विजय ने बताया कि पुलिस की सूचना पर विभाग की टीम ने राघोमाजरा में पड़ती उक्त दुकान पर रेड की। वहां से करीब 30 खाने-पीने की आइटमों को सीज किया गया है, जिनमें ज्यादातर एक्सपायरी तारीख का सामान है। साथ ही गुलाब जामुन, चॉकलेट समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के सात सैंपल भरे गए हैं। सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लुधियाना में बच्ची की मौत के बारे में जानकारी होने से इनकार किया। उधर पुलिस का कहना है कि संबंधित परिवार का बयान दर्ज कर लिया है। मामले में जल्द बनती कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेनों के गंदे टॉयलेट्स से मिलेगी निजात

## नई तकनीक हो होगा इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** आम यात्री जब भी ट्रेन में लंबी दूरी का सफर तय करता है, तो उसे सबसे ज्यादा परेशानी ट्रेन में होती गंदगी और बदबूदार टॉयलेट से होती है। आज चाहे वंदे भारत एक्सप्रेस हो, राजधानी एक्सप्रेस हो, शताब्दी एक्सप्रेस हो या फिर कोई अन्य सुपरफास्ट ट्रेन, सभी की टॉयलेट गंदी और बदबूदार ही होती है। ट्रेन जिस स्टेशन से शुरू होती है, वह भले ही साफ सुथरे होते हैं, लेकिन थोड़े समय बाद ही वे गंदे हो जाते हैं। चलती ट्रेन में कभी-कभार टॉयलेट की सफाई भले ही हो जाती है, लेकिन बदबू कम नहीं होती है। लेकिन अब रेलवे बोर्ड ने नई तकनीक के जरिए टॉयलेट्स की बदबू दूर करने का प्रयास कर रहा है।



रेलवे से जुड़े सूत्रों के अनुसार, भारतीय रेलवे इस समय रेल मदद पोर्टल और एप पर जितनी शिकायतें मिल रही हैं, उनमें ज्यादातर टॉयलेट्स से ही जुड़ी होती हैं। इन गंदे टॉयलेट्स का अभी तक कोई इंतजाम नहीं हो पाया है। इसलिए रेलवे अब टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रेनों के बदबूदार और गंदे शौचालयों की समस्या का समाधान करना करने जा रहा है।

रेलवे बोर्ड ट्रेन के शौचालयों में बदबू का पता लगाने के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स या आईओटी पर आधारित तकनीक के उपयोग पर विचार कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए मुंबई के एक स्टार्टअप विलिसो टेक्नोलॉजीज को चुना जा चुका है। फिलहाल ये कंपनी टेस्टिंग के तौर पर कुछ वीआईपी ट्रेनों के कोच में यह तकनीक लगाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस परीक्षण के लिए जर्मन टेक्नोलॉजी वाले एलएलबी कोच और परंपरागत आईसीएफ कोच वाली कुछ ट्रेनों का चयन किया जाएगा। इनमें वीआईपी ट्रेनों के अलावा भीड़ वाली ट्रेनें भी हैं। इसके बाद इस तकनीक का परीक्षण वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन में भी किया जाएगा।

### नई तकनीक इस तरह करेगी काम

दरअसल, ट्रेन के टॉयलेट में बदबू का पता लगाने के लिए सेंसर से लैस स्मार्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। ये सेंसर हवा में अस्थिर यौगिकों और अणुओं की पहचान कर सकते हैं। वहां से प्राप्त सूचनाओं को विश्लेषण के लिए सेंट्रल हब या लैब में भेज सकते हैं। इस विश्लेषण के आधार पर, स्वचालित प्रतिक्रियाएं शुरू की जा सकती हैं, जैसे दुर्गंध का पता चलने पर सफाई कर्मचारियों को सफाई के लिए सचेत करना।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 21 अप्रैल - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# विवाह आमंत्रण पत्र की तरह सभी को भेजा निमंत्रण और स्वागतकर्ता बने बूथ लेवल अधिकारी

**जब निवेदक बने लोकतंत्र महोत्सव में जिला निर्वाचन अधिकारी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदान प्रतिशत को लेकर निर्वाचन आयोग भी प्रयास कर रहा है और सामाजिक संस्थाएं भी लगाातार जनजागृति अभियान चला रहीं हैं। लोकतंत्र महोत्सव की सबसे बड़ी शान ही यही होती है जब अधिक से अधिक मतदान होता है। मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी अलग-अलग अंदाज में संदेश दिया। इन सबके बीच एक ऐसा आमंत्रण पत्र आया है जिसने सभी का ध्यान खींचा है और जिला निर्वाचन अधिकारी इसमें निवेदक हैं और शादी के कार्ड की तरह तैयार हुआ ये निमंत्रण पत्र बिल्कुल शादी के निमंत्रण पत्र की तरह है और इसकी खूबी यही है कि इस अनुठे प्रयास में हार्ट-टू-हार्ट कनैक्टिविटी का प्रयास है। निमंत्रण पत्र में मनुहार है, निमंत्रण पत्र में वैवाहिक न्यौते वाली भाषा है।



लिखा गया है कि भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हे बुलाने को, 26 अप्रैल भूल ना जाना वोट डालने आने को। स्वीप का प्रयास है, इसमें मतदान दिवस दिनांक का जिक्र है। अपने क्षेत्र के उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी ऐप डाउनलोड करने की बात कही गई है। लाल रंग के कार्ड में गोल्डन शब्दों में लिखी गई मतदान करने की भाषा में भेजने वाले निवेदक जिला निर्वाचन अधिकारी हैं और स्वागतकर्ता बूथ लेवल अधिकारी हैं। दर्शनाभिलाषी पीठासीन अधिकारी और समस्त मतदान दल सदस्य है। ग्रीन मुनिया की बाल मनुहार भी है। लोकतंत्र में ये एक अच्छा प्रयास है। जिला निर्वाचन अधिकारी इसमें स्वयं निवेदक हैं। इस कार्ड की सबसे साफ्ट खूबी यही है कि जब निमंत्रण पहुंचता है तो आत्मीयता का भाव आता है। एक संदेश जाता है कि वोट डालने जा रहे हैं तो वहां पोलिंग स्टॉफ आपके लिए इंतजार कर रहा है। मतदाता का मन निश्चित रूप से इसके लिए एक भाव जरूर लाता है। यहां जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ भाजपा चुनाव कार्यालय प्रभारी वीरेन्द्र सारस्वत की भी तारीफ करनी होगी कि मतदान प्रतिशत को लेकर वो जनजागृति में जुटे हैं। वो अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर रहे हैं। मतदान के प्रति लोग जागरूक हों। उन्होंने सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक मतदान को लेकर अपनी ये भागीदारी निभाई है। एक जागरूक नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

### लोकतंत्र महोत्सव में मतदान हम सबकी जिम्मेदारी और रहेगी भागीदारी : वीरेन्द्र सारस्वत



करंट क्राइम। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निवेदन किया और मतदान के इस निवेदन के जनता के पास अधिक से अधिक पहुंचाने के लिए चुनाव कार्यालय प्रभारी भाजपा नेता वीरेन्द्र सारस्वत आगे आये। जब करंट क्राइम ने उनसे पूछा कि इस निमंत्रण पत्र में क्या खूबी दिखाई दी है तो यहां वीरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि यह निमंत्रण पत्र भारतीय संस्कारों को और उसी परिवेश को अपने शब्दों में समेटे है। लोकतंत्र महोत्सव में मतदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसीलिए इस महोत्सव में सभी की भागीदारी के लिए मैं अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सभी से अपील कर रहा हूं। मतदान जरूर करें और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में होने वाले लोकतंत्र महोत्सव में अपनी भागीदारी तय करें। ये आपकी हमारी सबकी जिम्मेदारी है। स्वयं भी मतदान करने जायें और अपने आस पास के लोगों में भी मतदान के प्रति जागृति पैदा करें।

# '26 अप्रैल को रखना याद, वोट करेगा गाजियाबाद' पर वॉकथान कार्यक्रम आयोजित

**कम मतदान प्रतिशत के कलंक को मिटाना है इस बार वोट प्रतिशत बढ़ाना है: इन्द्र विक्रम सिंह**

**स्वीप प्रभारी अभिनव गोपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार एवं



स्वीप नोडल प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में डॉ.राम मनोहर पार्क, साहिबाबाद में 'गाजियाबाद रन फॉर वोट' 'वॉकथान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समयानुसार किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के आगमन तक सैकडों की संख्या में वयस्क, युवक-युवतियां, छात्र-छात्राएं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे।

आरओ/जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के आगमन के पश्चात कलाकारों द्वारा प्रारम्भिक व स्टेज पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद ठाकुर द्वारा विद्यालय की छात्राओं ने बैंड बजाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, तदोपरांत नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों द्वारा शानदार योग प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा योग प्रदर्शन करते हुए व्रजासन, शीर्षासन सहित अन्य योगों की प्रस्तुति दी गयी।

### मतदान के संबंध में रैप सॉन्ग किया रिलीज

कार्यक्रम के दौरान मतदान के संबंध में एक रैप सॉनग भी जिलाधिकारी ने बटन दबाकर रिलीज किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित एवं मीडिया के माध्यम से सभी गाजियाबादवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को 05 साल में एक बार देश की सरकार बनाने का मौके मिलता है, जिसका हमें हर हाल में फायदा उठाना चाहिए। जब हम वोट डालते हैं तो हमें आन्तरिक खुशी का अहसास होता है और जब हमारे द्वारा चुनी गई सरकार अच्छे कार्य करते हुए देश में चहुंमुखी विकास करायेगी तो हम गर्व से कह सकते हैं कि यह सरकार हमने बनाई थी। हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जायेगा। इसलिए मेरा सभी जनपदवासियों से आग्रह एवं निवेदन है कि जिस प्रकार इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आप सभी ने आकर सहयोग किया है, मतदान करने व कराने में भी सहयोग करें।



**इस बार कम मतदान का कलंक मिटाना होगा :** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा, हम सभी को शपथ लेनी होगी कि इस बार हमें गाजियाबाद के माथे पर कम मतदान करने के प्रतिशत का कलंक मिटाते हुए 54—55 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 80 प्रतिशत तक मतदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पूनम शर्मा द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथान का शुभारम्भ किया। वॉकथान में भाग लेते हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तवा, उप प्रभारी खेल अधिकारी पूनम विश्नोई, डॉ.पूनम शर्मा, अमरजीत सिंह, समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में गाजियाबादवासियों द्वारा वॉकथान में भाग लेते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के जागरूकता नारा '26 अप्रैल को रखना याद, वोट करेगा गाजियाबाद' के साथ रैली निकाली गयी। स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# गाजियाबाद में जलभराव, पेयजल की समस्या से दिलाएंगे निजात : ठाकुर नन्द किशोर

**भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया, बसपा ने 36 बिरादरी के लिए किया काम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनता में भाजपा के प्रति भारी रोष दिखाई दे रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है, जहां बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार ठाकुर नन्द किशोर पुंडीर अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से मिलने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग का शोषण किया है। जिसकी कलई जनता के सामने खुल चुकी है। जबकि बसपा के कार्यकाल में सुश्री मायावती ने हर वर्ग का ख्याल रखा। 36 बिरादरी के लिए काम किया।

ठाकुर नन्द किशोर ने हैदर नगर, सराबा, बडनौली, रघुनाथपुर आदि स्थानों पर पहुंच कर रैली में पहुंचने के लिए लोगों को आमंत्रित किया तथा गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की दुर्दशा को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि बारिश होते ही शहर डूब जाता है। उन्होंने आश्वस्त





किया कि जलभराव, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को दूरस्त कर आमजन को बेहतर माहौल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो को लेकर भाजपा क्रेडिट लेने में काफी आगे है। जबकि विकास कार्य करवाने में बेहद ही पीछे। मेट्रो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की देन है।

**जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करे :** पत्रकारों से बातचीत के दौरान विकास को छोड़ कर धर्म की राजनीति करने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कुछ लोग जात-पात की राजनीति करते हैं।

जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए तैयार है। जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जो हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में दिखाई तक नहीं देते हैं। ऐसे लोगों को जनता इस बार करारी शिकस्त देने को तैयार है। इस मौके पर ग्राम प्रधान एडवोकेट लोकेश कुमार, मदन प्रधान, राम लाल प्रधान, ठाकुर जयवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा के चुनावी रण में मजबूत योद्धा की तरह लड़ रही हैं कांग्रेस की डॉली शर्मा

**चुनावी प्रचार में खुद को साबित किया है गठबंधन की महिला उम्मीदवार ने**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में चुनाव अब अपने अंतिम चरण में आ गया है। धीरे-धीरे सभी दलों के बड़े चेहरे अपने अपने उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने आ रहे हैं। यहां पर महिला उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस और सपा गठबंधन की उम्मीदवार डॉली शर्मा ने चुनावी रण में खुद को साबित किया है। लोकसभा के चुनावी रण में डॉली शर्मा एक मजबूत योद्धा की तरह खुद को साबित कर रहीं हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि डॉली शर्मा ने भगवागढ़ के चुनावी रण में अपनी ताकत का एहसास कराया है। उन्होंने चुनाव प्रचार में खुद को साबित किया है। देहात से लेकर शहर तक वो अपने चुनाव प्रचार की कमान को एक तरह से खुद संभाल रहीं हैं। चुनावी घमासान में उनके तेवर देखकर



कोई भी बता देगा कि सियासत के इस रण में वो एक जंगबाज योद्धा की तरह मैदान में आ गई है।

एक तरफ जब अन्य दलों के बड़े चेहरे उम्मीदवार को बल देने के लिए आ रहे हैं। संगठन की एक बड़ी फौज मैदान में है तब ऐसे में एक ऐसा चेहरा जो महिला होकर भी अपने तेवरों के साथ इस चुनाव की सरजमीं पर हैं। जनता किसे आदेश देती है ये जनता पर निर्भर करता है लेकिन जनता की अदालत में अपने जज्बे से अपनी मेहनत से कौन प्रभावित करता है ये भी देखने की बात है।

उन्हें अपने समाज से भी समर्थन मिल रहा है और उन्होंने खुद को एक जननेता के रूप में भी चुनाव प्रचार में साबित किया है।

### कहीं से कहीं तक सरेंडर मोड में नहीं बल्कि जंग वाले अंदाज में हैं डॉली शर्मा

करंट क्राइम। डॉली शर्मा कांग्रेस की युवा नेता हैं और कम समय में ही उन्होंने खुद को साबित किया है। पहली बार उन्हें मेयर चुनाव में मौका मिला और इस मौके को उन्होंने साबित किया। वो चुनाव भले ही हार गईं लेकिन एक नेता के रूप में वो जनता के बीच छा गईं। यही वजह रही कि इस चुनाव के बाद डॉली शर्मा को कांग्रेस की राष्ट्रीय टीम में स्थान मिला। वो स्टॉर प्रचारक भी बनीं। कांग्रेस ने उन पर भरोसा किया और उन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा। जब तीन दल मिलकर चुनाव लड़ रहे थे तब ये डॉली शर्मा थीं जो अकेले दम पर लोकसभा के इतने बड़े चुनावी रण में जंग लड़ रहीं थी। जानदार तेवरों के साथ उन्होंने युवा चेहरों के सामने भी एक मिसाल पेश की है। अब जब डॉली शर्मा गठबंधन उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं तो वो कहीं से कहीं तक सरेंडर मोड में नहीं है। पूरी तरह से चुनावी मैदान में अपने प्रचार के अंदाज से क्षेत्र की जनता को भा रहीं हैं। वो देहात से लेकर शहर तक जा रहीं हैं। जनादेश जनता को देना है लेकिन एक जननेता के रूप में डॉली शर्मा अपनी पहचान बना रहीं हैं।

# क्या असर दिखायेगी आज भगवागढ़ में बसपा सुप्रीमो की अपने वोटरों से अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा की सबसे बड़ी स्टॉर प्रचारक बसपा सुप्रीमो मायावती आज गाजियाबाद आ रहीं हैं। वो गाजियाबाद में कविनगर रामलीला मैदान में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। मायावती की वोटरों से अपील का कितना असर होगा ये पता चलेगा। सियासत में कहा यही जाता है कि मायावती जब अपने कैडर वोट से अपील करती हैं तो फिर इसका इफैक्ट आता है। गाजियाबाद में बसपा ने ठाकुर कार्ड खेला है और इसके पीछे समीकरण यही माना जा रहा है कि यदि बसपा का डीएम यानी दलित और मुस्लिम वोटबैंक हाथी के साथ रहता है और इस डीएम को बसपा उम्मीदवार की बिरादरी का ठाकुर वोट चुनावी माईलेज देता है तो फिर यहां कितना असर पड़ेगा ये देखने की बात है।

फिलहाल तो सभी की निगाह इस पर है कि बसपा सुप्रीमों की अपील का कितना



**क्या डी-एम समीकरण के साथ ठाकुर वोट बैंक भी डालेगा चुनाव में जान**



असर पड़ता है। यहां पर नीला हाथी ये मानकर चल रहा है कि भगवा ठाकुरों की नाराजगी का माईलेज उसे मिलेगा। जो वोट फूल से नाराज है वो कूल होकर बिरादरी पर आयेगा। आज जब बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंच से अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी अपील करेंगी तो ये पता चलेगा कि यहां कौन सा नया समीकरण बनेगा। वैसे भी यहां पर बसपा के हाथी की ताकत को कम नहीं माना जाता है। मेयर चुनाव में हाथी के अंजान से चुनावी महावतों ने चुनावी रण में जान डाल दी थी। देहात में जिला पंचायत वाले चुनावों में हाथी की चाल तेज रही थी। लेकिन अब गाजियाबाद की चुनावी नदी में बहुत पानी बह गया है। यहां राजनीति के नए समीकरण हैं यहां राजनीति के नए चेहरे हैं और इन चेहरों के बीच में नई राजनीति का नया अध्याय शुरू हो गया है। लिहाजा ऐसे में सभी की निगाहें आज बसपा सुप्रीमों मायावती की जनसभा पर हैं। वो आज मंच से क्या कहेंगी और कौन सा सियासी दल उनके आलोचना के रडार पर रहेगा। कई मुद्दों को लेकर उनका क्या आधार रहेगा। आज की जनसभा बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुण्डीर को काफी माईलेज देने का काम करेगी।

## संपादकीय

# चुनाव लोकतंत्र का उत्सव

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। ज्यादातर इलाकों में तेज गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। हालांकि कुछ जगहों पर हिंसक घटनाओं ने जरूर लोकतंत्र के इस उत्सव को बदरंग करने की कोशिश की, पर अच्छी बात है कि उनसे मतदाताओं और मतदान की प्रक्रिया पर बहुत नकारात्मक असर नहीं देखा गया।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है और वहां पहले से चुनाव के विरोध का स्वर उभर रहा था। इसलिए अगर कुछ मतदान केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं, तो इसकी वजहें समझी जा सकती हैं। वहां चुनाव कराना निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती थी। मतदान से दो दिन पहले ही वहां सुरक्षाबलों ने उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। उस घटना की प्रतिक्रिया में हमले की आशंका पहले से थी। हालांकि वहां भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मतदान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह की हिंसा देखी गई, वह जरूर चिंता पैदा करती है। पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में हिंसा की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता छोटी-छोटी बातों को लेकर गुत्थमगुत्था होते और हिंसक घटनाएं करते देखे जाते रहे हैं, उसमें इस चुनाव में भी व्यापक हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही है। उसकी शुरूआत कूचबिहार में देखी गई। पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में निर्वाचन आयोग अतिरिक्त रूप से सतर्क रहता है। इसलिए भी कूचबिहार में किसी बड़ी घटना की साजिशों को रोकने में कामयाबी मिल गई। मगर अभी वहां बाकी चरणों के चुनाव होने हैं, जिनमें हिंसा की आशंका बनी हुई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करे। यह ठीक है कि राजनीतिक दल अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। मगर इसका लोकतांत्रिक तरीका होता है। ऐसा नहीं कि प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकताओं पर हिंसक हमले करके उन्हें मतदान से रोका और अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। मगर कुछ समय से धनबल और बाहुबल के जरिए चुनाव को अपने पक्ष में करने की अनैतिक कोशिशें बढ़ी हैं। लोकतंत्र मतदाता के भरोसे और विश्वास पर टिका होता है, अनैतिक तरीकों से मत अर्जित कर सत्ता में पहुंचे लोगों से लोकतंत्र की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जाती। जब तक राजनीतिक दल हिंसा के जरिए सत्ता में पहुंचने या बने रहने का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, तब तक सही अर्थों में चुनाव लोकतंत्र का उत्सव नहीं बन पाएंगे।

# भारत की अध्यक्षता में हुए जी२० सम्मेलन की आईएमएफ ने की तारीफ



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चलते इस साल जी20 की बसंत बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल नहीं हुईं। भारत के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष अधिकारी जैसे आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख शक्तिकांत दास शामिल हैं।

अमेरिका में आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बसंत बैठक चल रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत की तरफ से आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ भी अमेरिका दौरे पर हैं। अजय सेठ ने बताया कि इस बैठक के दौरान आईएमएफ और विश्व बैंक ने भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन की तारीफ की। बैठक में कहा गया कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक मुद्दों पर जिस तरह से आम सहमति बनाई गई, वह काबिले तारीफ है।

### भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं को मिली सराहना

सेठ ने बताया कि आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बैठक में इस बात की भी सराहना की गई कि वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीतियों और जिम्मेदार राजकोषीय नीतियों से वित्तीय स्थिरता बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तपोषण कैसे होना चाहिए, इस बात पर भी चर्चा हुई। अब ब्राजील की अध्यक्षता में जी20 की बैठकें हो रही हैं। बीती 17-18 अप्रैल को जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स की बैठक हुई। बैठकों के दौरान आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब, जापान, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की

### भारत में हुए जी20 सम्मेलन की इस बात को लेकर हुई तारीफ

भारत में 9-10 सितंबर को जी20 सम्मेलन की बैठक हुई थी। इस सम्मेलन में 37 पेज का एक आम सहमति घोषणा पत्र पारित हुआ था, जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था के कई मुद्दों पर आम सहमति से कदम उठाए गए थे। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर जिस तरह से सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बैठकें आयोजित की गईं, उसकी भी तारीफ हुई। लोकसभा चुनाव के चलते इस साल की जी20 की बसंत बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल नहीं हुईं। भारत के प्रतिनिधिमंडल में शीर्ष अधिकारी जैसे आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख शक्तिकांत दास शामिल हैं।

# जब दुनिया तनाव में है, भारत प्रगति कर रहा है : सीआईआई अध्यक्ष




**नई दिल्ली।** आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे। कोलकाता ।

प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत ऐसे वक्त में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव के दौर से गुजर रही है। उन्होंने शुक्रवार रात यहां एक कार्यक्रम में कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है। पुरी आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं। पुरी ने कहा, सीआईआई के पास दशकों से बनी एक समृद्ध विरासत है। हम निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था और उद्योग के विकास में योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त काफी दिलचस्प है, क्योंकि यह भारत का वक्त है। देश में कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं, वैश्विक कारक हमें आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। देश ऐसे समय में प्रगति कर रहा है, जब दुनिया तनाव में है। पुरी ने कहा कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं और यहां प्रतिभा का बड़ा भंडार है। उन्होंने कहा, जहां तक आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल परिवर्तन का सवाल है, दुनिया हमारी ओर देख रही है। भारत के पास जनसांख्यिकीय लाभांश भी है।

# एचडीएफसी का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़कर 17,622 करोड़ रुपये पर




**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 2.11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 17,622.38 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में 17,257.87 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने बताया कि एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपये रहा है। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 2.11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 17,622.38 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 17,257.87 करोड़ रुपये रहा था। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 16,511.85 करोड़ रुपये रहा, जो दिसंबर तिमाही में 16,372.54 करोड़ रुपये था। बैंक ने पिछले साल जुलाई में अपनी आवास ऋण केंद्रित मूल कंपनी एचडीएफसी का विलय कर लिया था। समीक्षाधीन तिमाही में इसकी मूल शुद्ध ब्याज आय बढ़कर 29,080 करोड़ रुपये हो गई, जबकि अन्य आय बढ़कर 18,170 करोड़ रुपये हो गईं।

# 'भारत को सतत विकास और निवेश बढ़ाने के लिए सुधार जारी रखने चाहिए'

## आईएमएफ अधिकारी ने दी सलाह




**नई दिल्ली।** आईएमएफ के अधिकारी ने भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, श्रम कानूनों और कारोबारी माहौल में महत्वपूर्ण निवेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि देश अपनी आर्थिक क्षमताओं को साकार कर सके। आम लोगों के खर्च में इजाफा होने और सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से भारत सतत विकास की राह आगे बढ़ रहा है।

तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की यह प्रगति बनी हुई है। आईएमएफ की एशिया पैसिफिक विभाग की निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यह दावा किया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 6.8% विकास दर का आंकड़ा बहुत प्रभावी है और यह आमलोगों के बीच उपभोग और सार्वजनिक संपत्ति में सरकार की ओर से निवेश बढ़ाने के कारण है। श्रीनिवासन ने कहा कि भारत कोरोना महामारी और हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव जैसी चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने में सफल रहा है। भारत की वृद्धि क्षमता को स्वीकार करते हुए उन्होंने जनसांख्यिकीय लाभ का पूरी तरह लाभ उठाने के लिए भारत में सुधारों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। भारत में हर साल लगभग 1.5 करोड़ लोग श्रम बल में जुड़ सकते हैं

आईएमएफ के अधिकारी ने भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, श्रम कानूनों और कारोबारी माहौल में महत्वपूर्ण निवेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि देश अपनी आर्थिक क्षमताओं को साकार कर सके। उन्होंने कहा, मैं अब इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि भारत एक युवाओं की बढ़ती आबादी वाला देश है। भारत में हर साल लगभग 1.5 करोड़ लोग श्रम बल में जुड़ सकते हैं। यदि आप इस मानव संसाधन का लाभ उठाना चाहते हैं, तो आपको बहुत सारे सुधारों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, मैं शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय निवेश पर जोर देना चाहूंगा ताकि बढ़ता श्रम बल अर्थव्यवस्था में उत्पादक योगदान दे सके। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत को अपनी व्यापार व्यवस्था को भी उदार बनाने की जरूरत है ताकि पाबंदियां हटाई जा सकें ताकि कंपनियां आपस में प्रतिस्पर्धा कर सकें। आपको एफडीआई के लिए माहौल को और आकर्षक बनाना होगा।

श्रीनिवासन ने चीन के बराबर या उससे भी अधिक वृद्धि दर बनाए रखने के लिए भारत में सुधारों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने चीन को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, 'चीन भारत से चार गुना बड़ा है। भारत के लिए मध्यम अवधि की अच्छी संभावनाएं 6.5% पर बहुत अच्छी हैं। यह उससे बेहतर कर सकता है, लेकिन इसके लिए भारत में वे सुधार होने जरूरी हैं, जिनकी देश को जरूरत है। भारत अगले कई वर्षों में 6.5% या उससे अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकता ह।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

पत्नी - जान, क्या तुम मेरे लिए शेर को मार के ला सकते हो...?
पति - नहीं बेबी... कुछ और बताओ! मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं...!
पत्नी - क्या तुम्हारा व्हाट्सएप चेक कर सकती हूं...?
पति - कहां है वो शेर, जिसके बारे में तुम बात कर रही थी...

टीपू अपनी बीमार दादी को मोहल्ले के डॉक्टर के पास दिखाने ले गया...
डॉक्टर - मुंह खोलो दादी...
दादी - तुम्हारी बीवी रोज शाम को तुम्हारे पड़ोसी से मिलती है...
बस इससे ज्यादा मेरा मुंह मत खुलवाना....

---

दो चूहे पेड़ पर बैठे थे,
नीचे से एक हाथी गुजरा, एक चूहा हाथी पर गिर गया...
तभी दूसरा चूहा बोला, 'दबा कर रख इसे, मैं भी आता हूं...'

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? एक ब्राजील के क्लिनिक में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जब एक छात्र नर्स ने उसके IV लाइन के माध्यम से गलती से कॉफी और दूध को दे दिया था।
- एक औसत गाय हर दिन 90 गिलास दूध पैदा करती है - तथा अपने पूरे जीवन में 350,000 गिलास दूध देती है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- क्या आप जानते हैं? लैक्टस की दृढ़ता, एक वयस्क के रूप में दूध को पचाने की क्षमता मनुष्यों की क्षमता, एक अद्वितीय उत्परिवर्तन के रूप में, यूरोपियों और यूरोपीय वंश के लोगों के बीच आम है। 90% एशियाई और 100% मूल अमेरिकियों सहित अधिकांश वैश्विक आबादी में, लैक्टोज की कुछ डिग्री असहनीयता होती है।
- एक गाय का थन 25-50 पौंड दूध रख सकता है।
- आपको जानकर हैरानी होगी, नेरो की पत्नी और क्लियोपेट्रा दोनों अपनी त्वचा को फिर से जीवंत करने के लिए दूध में स्नान करने के लिए नियमित रूप से ज्ञात थी। नेरो की पत्नी अपने बाथटब को दूध से भरा रखने के लिए 500 गदहे रखी थीं ताकि शारीर की सभी बीमारियों और धब्बे को दूर कर सकें!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# टी20 विश्व कप के लिए टीम को लेकर 27 अप्रैल को चयनकर्ताओं से मिल सकते हैं रोहित

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के बाद टी20 विश्व कप खेला जाना है। एक जून से शुरू हो रहे विश्व कप को लेकर सभी टीमों को एक मई तक 15 संभावित खिलाड़ियों के नाम भेजने हैं। इसको लेकर भारतीय टीम में भी काफी हलचल है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच हाल ही में मीटिंग हुई थी और टी20 विश्व कप के लिए नामों पर चर्चा हुई थी। हालांकि, हाल ही में रोहित ने इस तरह की मीटिंग की खबरों का खंडन किया था। अब एक और रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि टी20 विश्व कप को लेकर टीम चयन के लिए 27 अप्रैल को रोहित और अगरकर की मुलाकात हो सकती है। ऐसी उम्मीद की जा रही है



कि भारतीय चयनकर्ता जल्द ही आने वाले दिनों में टीम की घोषणा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अस्थायी टीम सौंपने की समय सीमा एक मई है और अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 15 खिलाड़ियों को चुनने के लिए दिल्ली में बैठक कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को नई दिल्ली में बैठक करेंगे। मुंबई इंडियंस को अगले हफ्ते 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से खेलना है, जिसका मतलब है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी राष्ट्रीय राजधानी में होंगे। चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर इन दिनों विदेश में छुट्टियां मना रहे हैं और वह अपने साथियों के साथ बैठक में शामिल होने के लिए सीधे दिल्ली रवाना होंगे।

### रिपोर्ट में दावा- इन नामों पर मुहर लगना तय

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का चयन तय है और अगर वे फिट रहते हैं तो वे अमेरिका के लिए उड़ान भर सकते हैं। वहीं, संशय रोहित के ओपनिंग पार्टनर को लेकर है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल में से किसी एक को चुनने पर संशय है। यशस्वी आईपीएल 2024 में खराब फॉर्म में रहे हैं, जबकि शुभमन का भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। ऐसे में विराट और रोहित के ओपनिंग करने पर भी चर्चा हो रही है। वहीं, शुभमन-यशस्वी में से किसी एक को बैकअप ओपनर के तौर पर रखा जाएगा। विराट के ओपनिंग करने से नंबर चार पर एक पावर हिटर को खिलाने की जगह खाली हो जाएगी। ऐसे में केएल राहुल, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से किसी को खेलने का मौका मिल सकता है। सूर्यकुमार का नंबर तीन पर खेलना लगभग तय है। वहीं, पांच पर ऋषभ पंत खेल सकते हैं। हार्दिक पांड्या के फॉर्म भी चयनकर्ताओं के लिए परेशानी का सबब है। आईपीएल में हार्दिक कुछ खास नहीं कर सके हैं। छठे नंबर पर भी एक पावरहिटर को मौका दिया जा सकता है। ऐसे में सातवें पर जडेजा और आठवें पर हार्दिक खेल सकते हैं। बाकी के तीन स्थान गेंदबाजों के लिए होंगे। इनमें से भी बुमराह का खेलना लगभग तय है। एक और तेज गेंदबाज के तौर पर अर्शदीप और सिराज के बीच लड़ाई होगी।

# एक ही मैच में दोनों कप्तान कर बैठे बड़ी गलती, राहुल-ऋतुराज पर लगा 12-12 लाख रुपए का जुर्माना

**लखनऊ।** आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था। इसी वजह से राहुल और ऋतुराज पर सिर्फ जुर्माना लगाया गया। आगे ऐसी गलती होने पर इन दोनों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। नियम के तहत कप्तानों को कुछ मैचों के लिए बैन भी करने का प्रावधान है।

आईपीएल ने एक बयान में कहा- लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल को सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवरगति का दोषी पाया गया। इसी तरह से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर भी धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है।

मैच की बात करें तो चेन्नई के लिए धोनी के अलावा अजिंक्य रहाणे ने 24 गेंद में 36 रन, रवींद्र जडेजा ने 40 गेंद में 57 रन और मोईन ने 20 गेंद में 30 रन की पारी



खेली। लखनऊ की ओर से क्रुणाल पांड्या ने दो विकेट लिए। जवाब में लखनऊ ने 19 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। डिकॉक ने 43 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली।

वहीं, कप्तान केएल राहुल ने 53 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन बनाए। निकोलस पूरन 12 गेंद में 23 रन और मार्कस स्टोइनिस सात गेंद में आठ रन बनाकर नाबाद रहे। सीएसके की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर और लखनऊ की टीम पांचवें स्थान पर है। दोनों के आठ-आठ अंक हैं। लखनऊ का अगला मैच चेन्नई से ही चेपॉक में है। यह मुकाबला 23 अप्रैल को खेला जाएगा।

# इकाना में चेन्नई के खिलाफ लखनऊ ने बनाए कई बड़े रिकॉर्ड्स

## राहुल ने धोनी को इस मामले में पीछे छोड़ा

**लखनऊ।** आईपीएल 2024 में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में 177 रन के लक्ष्य को लखनऊ की टीम ने 19 ओवर में हासिल कर लिया। यह लखनऊ के इकाना में सफलतापूर्वक हासिल किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने इसी सीजन लखनऊ के खिलाफ इसी मैदान पर 168 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इतना ही नहीं लखनऊ की टीम और उनके कप्तान केएल राहुल ने इस मैच में और भी कई बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। राहुल ने महेंद्र सिंह धोनी को भी पीछे छोड़ दिया। आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 मैचों में लखनऊ की यह छठी जीत रही। 177 रन का लक्ष्य आईपीएल में लखनऊ की टीम द्वारा हासिल किया गया चौथा सबसे बड़ा लक्ष्य है। लखनऊ की टीम ने आईपीएल 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 213 रन का अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया था। तब एलएसजी ने आरसीबी को बेंगलुरु में एक विकेट से शिकस्त दी थी। चेन्नई के खिलाफ लखनऊ के ओपनर्स केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक ने टीम को बेहतरीन शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 134 रन जोड़े, जो इस टीम के लिए किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले साल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में राहुल और डिकॉक ने पहले विकेट के लिए ही 210 रन की नाबाद साझेदारी की थी। डिकॉक और राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। इससे पहले 2015 में अहमदाबाद



में राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए अजिंक्य रहाणे और शेन वॉटसन ने 144 रन और साल 2021 में दिल्ली कैपिटल्स के शिखर धवन और पृथ्वी शॉ ने मुंबई के वानखेड़े में 138 रन की साझेदारी की थी। आईपीएल 2024 में अब तक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन 50+ रन की ओपनिंग साझेदारियां हो चुकी हैं। राहुल और डिकॉक के बीच साझेदारी सीएसके के खिलाफ इस सीजन पहले विकेट के लिए पहली शतकीय साझेदारी रही। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इस सीजन औसतन 58.85 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई है, जो कि 10 टीमों में सबसे ज्यादा है। दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है, जिसके खिलाफ ओपनिंग में औसतन 57.57 रन की साझेदारी हुई है। चेन्नई के खिलाफ इस सीजन कुल मिलाकर 412 रन की ओपनिंग साझेदारी हो चुकी है।

केएल राहुल का चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रन चेज करते हुए शानदार फॉर्म जारी रहा। राहुल का सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने सात पारियों में 61.83 की औसत और 161.3 के स्ट्राइक रेट से 371 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार अर्धशतक लगाए और सर्वश्रेष्ठ पारी नाबाद 98 रन की रही है। राहुल ने शुक्रवार को 53 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली। यह राहुल के आईपीएल करियर का 35वां अर्धशतक रहा। इसके अलावा वह चार शतक भी लगा चुके हैं। हालांकि, इन 35 में से उन्होंने 25 अर्धशतक मैच में बतौर विकेटकीपर खेलते हुए लगाया है। राहुल ने आईपीएल में बतौर विकेटकीपर खेलते हुए सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस मामले में उन्होंने धोनी को पीछे छोड़ दिया, जिनके 24 अर्धशतक हैं। क्विंटन डिकॉक 23 अर्धशतक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।



# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहीद अफरीदी ने रोहित की इस बात का किया समर्थन



**कराची।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा था कि इससे टेस्ट क्रिकेट को बूस्ट मिलेगा। अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहीद अफरीदी ने रोहित के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक कारणों से लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है।

### रोहित ने क्या दिया था बयान?



हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक पॉडकास्ट के दौरान रोहित से पूछा था कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित रूप से मैच होना टेस्ट क्रिकेट के लिए फायदेमंद रहेगा? इस पर रोहित ने कहा था, मेरा मानना है कि वे अच्छी टीम है। अगर हम बाहर खेलें तो उनकी गेंदबाजी लाइन अप बेहतर है। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार टेस्ट 2007-08 में खेला गया था। हां, मैं पाकिस्तान के खिलाफ खेलना पसंद करूंगा। दोनों टीमों के बीच अच्छा मुकाबला होता है। हम उनके खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं। नियमित रूप से क्रिकेट होना पसंद करूंगा।

### अफरीदी ने रोहित के पॉजिटिव अप्रोच को सराहा

अफरीदी ने रोहित के बयान का समर्थन करते हुए भारतीय कप्तान के पॉजिटिव अप्रोच की सराहना की है। उन्होंने कहा कि खेल दोनों देशों के बीच मतभेद कम करने का कारण बन सकता है। अफरीदी ने एक चैनल से कहा, बिलकुल बहुत अच्छा जवाब है, होना भी यही चाहिए। भारतीय कप्तान द्वारा एक सकारात्मक बयान आया है। वह भारत के दूत हैं। मैंने हमेशा से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेद दूर करने में खेल, विशेषकर क्रिकेट एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम भारत जाते थे और क्रिकेट खेलते थे। इसी तरह से रिश्ते बेहतर होते हैं। पड़ोसी हैं, पड़ोसियों का हक होता है। रिश्ते जितने बेहतर हो उतना अच्छा है।

### पिछले साल वनडे विश्व कप में भिड़ी थी दोनों टीमें

भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार मुकाबला पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में हुआ था। भारत ने अहमदाबाद में खेले गए उस मुकाबले में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अब एक बार फिर से टी20 विश्व कप के दौरान भिड़ंत होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच आईपीएल 2024 के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में नौ जून को मुकाबला खेला जाएगा।

# पंजाब के खिलाफ डीआरएस को लेकर 'बेईमानी' करते दिखे थे डेविड और पोलार्ड

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना तब लगाया गया जब मैच के दौरान का एक वायरल वीडियो सामने आया था, जिसमें पांच बार के चैंपियन मुंबई के डगआउट में डेविड और पोलार्ड को बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को डीआरएस के लिए इशारा करने और लेने में अवैध सहायता प्रदान करते हुए देखा गया था। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर मैच फीस का 20-20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी द्वारा लगाए गए



जुर्माने को स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मुंबई इंडियंस की पंजाब किंग्स पर नौ रन से जीत के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में हार्दिक पांड्या की टीम पर 'डीआरएस में चीटिंग' करने का आरोप लगा था। वीडियो में मुंबई के खिलाड़ी टिम डेविड को डगआउट से डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) लेने के लिए इशारा करते देखा गया, लेकिन उन्हें जल्द ही समझ आया कि वह स्क्रीन पर हैं। ऐसे में डेविड हाथ छुपाते दिखे। इसके बाद मैदान पर मौजूद बल्लेबाज डीआरएस की मांग करता दिखा। टक की पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने सूर्यकुमार यादव को ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकी। गेंद सूर्या की पहुंच से काफी दूर था। हालांकि, अंपायर इसे वाइड करार नहीं देते हैं। सूर्यकुमार तब 47 गेंदों पर 67 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और ऑनफील्ड अंपायर ने इसे लीगल डिलीवरी माना। इसके बाद बड़ी स्क्रीन पर डेविड और पोलार्ड को डीआरएस लेने के लिए इशारा करते दिखाया जाता है। वहीं, बाउचर क्रीज पर मौजूद बल्लेबाजों को वाइड का इशारा करते दिखते हैं। इसके बाद करन अंपायर को दिखाने की कोशिश करते हैं कि डग आउट की ओर से इशारा किया जा रहा है, लेकिन अंपायर उनकी बातों को अनसुना कर देता है। डेविड और पोलार्ड को दाएं हाथ के बल्लेबाज से रिव्यू लेने का आग्रह करते हुए देखा गया, जो नियमों के अनुसार अवैध है। डेविड को डीआरएस के लिए इशारा करते देख स्ट्राइक पर मौजूद सूर्या अंपायर से डीआरएस की मांग करते हैं और अंपायर वाइड के लिए डीआरएस लेते हैं। हालांकि, मुंबई की टीम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने क्यों कहा धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स की दिल की धड़कन?

**लखनऊ।** महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स के दिल की धड़कन बताते हुए कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि घुटने की चोट से उबरने के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते लिहाजा शानदार फॉर्म के बावजूद उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर नहीं भेजा जा सकता। 42 वर्ष के धोनी ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को नौ गेंद में 28 रन बनाये लेकिन उनकी टीम आठ विकेट से हार गई। धोनी के फॉर्म के बारे में फ्लेमिंग ने कहा, यह प्रेरणास्पद है ना। अभ्यास के दौरान भी वह बहुत उम्दा बल्लेबाजी कर रहे हैं। टीम इससे हैरान नहीं है क्योंकि सत्र से पहले तैयारी में भी वह शानदार खेल रहे थे। उन्होंने कहा, उनके घुटने में दर्द है और वह इससे उबरने की प्रक्रिया में कुछ ही गेंद खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करते देखना चाहता है लेकिन हम उन्हें पूरे टूर्नामेंट में खेलते देखना चाहते हैं।

# दिल्ली में पहला मैच खेलेगी कैपिटल्स, सामने सनराइजर्स की कठिन चुनौती

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे। उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद से इस मैदान पर कोई मैच नहीं खेला है। इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स अरुण जेटली स्टेडियम में पहली बार कोई मैच खेलने उतरेगी। हालांकि, एक विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में पंत ने शानदार वापसी की है।

### सनराइजर्स का शानदार प्रदर्शन

दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है। लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस को



हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।

### हेड और अभिषेक शानदार फॉर्म में चल रहे

सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 गेंद में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं, अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिए कड़ी चुनौती होगा। वहीं, हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं।

### कुलदीप बन सकते हैं ट्रंप कार्ड

कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिए अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है। हालांकि, जेक फ्रेज मैकगर्क ने वॉर्नर की कमी खलने नहीं दी है और पिछले दो मैचों में काफी प्रभावित किया है।

### सनराइजर्स को कम स्कोर पर रोकना होगा

सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकोनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके। अगर दिल्ली को लक्ष्य का पीछा करना है तो उसकी नजरें सनराइजर्स को कम से कम स्कोर तक रोकने पर होगी।

# जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस

**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंकतालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी। पंजाब किंग्स नौवे स्थान पर है जिसे मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया। जीत के लिये 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिये थे लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है।



धवन कंधे की चोट से उबरने की प्रक्रिया में है जो उन्हें नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच में लगी थी। उनकी जगह सैम कुरेन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। धवन ने पांच मैचों में 125 . 61 की औसत से 152 रन ही बनाये हैं लेकिन उनकी मैदान पर मौजूदगी जीतने का तरीका भूल चुकी टीम के लिये टॉनिक का काम करती। पिछली बार आठवें स्थान पर रही पंजाब के लिये इस बार भी कुछ बदलता नजर नहीं आ रहा। प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन और रिली रोसोयू जैसे उसके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। शशांक और आशुतोष ने हालांकि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। गुजरात ने अभी तक तीन मैच जीते और चार गंवाये हैं। दिल्ली के खिलाफ शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर उसे नये सिरे से शुरूआत करनी होगी। कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, डेविड मिलर और राशिद खान जैसे सितारों की मौजूदगी के बावजूद टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी की कमी खल रही है जबकि उमेश यादव काफी महंगे साबित हुए हैं।

## टीला मोड़ पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार
## चोरी का माल बरामद पुलिस ने भेजा जेल



**लोनी (करंट क्राइम)।** टीला मोड थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तिकोना पार्क कोयल एनक्लेव से 2 लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लुटेरों से कुछ चोरी किए हुए जेवरात, चोरी की बाइक तथा नगदी बरामद हुई है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस कोयल एनक्लेव तिकोना पार्क पर चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बाइक पर दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं तथा किसी घटना कौन नाम देने की फिराक में है और योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम तत्काल मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंची और संदिग्ध अवस्था में खड़े हुए व्यक्तियों को घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पुलिस की जामा तलाशी में उनके पास से एक पीली धातु की गले की चैन एवं 10300 रूपये बरामद हुए। गहनता से पूछताछ में उनके पास से बाइक भी चोरी की निकली जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई है। पूछताछ में लुटेरों ने अपने नाम गुड्डू उर्फ शादाब व लक्की बताए तथा खजूरी व भजनपुरा के रहने वाले कबूले लुटेरों ने यह भी बताया कि वह राहगीरों से लूटपाट करते हैं। पुलिस ने दोनों को कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

## आईएमएस गाजियाबाद, यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) में एंटरप्रेन्योरशिप सेल ई-सेल एवं गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उद्यमिता की जानकारी देना तथा इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छरिया, मुख्य अतिथि, डॉ. निखिल अग्रवाल (सीईओ एसआईआईसी एड एआईआईडीई, आईआईटी कानपुर), सुनील रैना (फाउंडर एवं सीईओ, काबिल किड्स), खालिद वाणी फाउंडर एवं सीईओ केडब्लूसीजी, डायरेक्टर वन कैपिटल एनबीएफसी एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की थीम 'इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' रही जिसमें संस्थान के आलावा देश के विभिन्न राज्यों से 500 से ज्यादा छात्र छात्राओं एवं उद्यमियों ने भागीदारी की।





### ई-सेल की वार्षिक किताब सोवेनियर का लोकार्पण

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा ई-सेल की वार्षिक किताब सोवेनियर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम को चार भागों में बांटा गया जिसमें राउंड टेबल कांफ्रेंस, एन वेंचर, बिज्जनीति एवं स्टार्टअप एक्सपो प्रमुखत: रहे। राउंड टेबल कांफ्रेंस में प्रवक्ताओं द्वारा सस्टेनेबल तकनीक पर विचार व्यक्त किये गए। एन वेंचर में प्रतिभागियों को अपने बिजनेस प्लान के बारे में बताना था। स्टार्टअप एक्सपो में सहभागियों ने अपने पहले से चल रहे गवर्नमेंट रजिस्टर्ड स्टार्टअप को प्रस्तुत किया। बिज्जनीति जो कि एक ट्रेडिंग गेम था जिसमें प्रतिभागियों को एक वर्चुअल प्रोडक्ट बनाना था जिसके लिए उन्हें वर्चुअल मनी दी गयी। अतिथियों द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को नए विचारों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि चुनौतियों का सामना करके ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। इसीलिए खुद पर विश्वास रखकर आगे बढ़ने के लिए पूरे मन से प्रयास करते रहें। साथ ही अपने विचारों पर भरोसा रखें और उसे अमल में लाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सदा हमारे अनुकूल नहीं होती हमें परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाना होगा।

### टेक्नोलॉजी को नजरअंदाज न करें

बिजनेस की बारीकियों को समझाते हुए मार्केटिंग की महत्ता को बताया और कहा कि किसी विचार को अमल में लाने के लिए टेक्नोलॉजी का ज्ञान भी बहुत जरूरी है इसलिए टेक्नोलॉजी को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम को कई जानी-मानी कंपनियों द्वारा स्पोंसर किया गया जिसमें गाजियाबाद प्रिसिशन प्रोडक्ट्स प्रा.लि., श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स प्रा. लि., स्पेक्ट्रा प्रोडक्ट्स प्रा. लि., एआईसी बिमटेक, युनि नोटबुक्स, आईएमएस टुडे, कुरातिव्ज, केडब्लूसीजी, रियल टाइम एंगल फण्ड, स्टार्टअप स्टोरी, रजिस्टर करो, इनोस्कले ग्लोबल, स्लामिट्ट प्रमुख रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में गाज़ियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन से राहुल अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनके द्वारा विजित प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि जौहरी एवं डॉ. इन्द्राणी भट्टाचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

## राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा 10 के टॉपर्स छात्र



● पायल रावत (प्रथम), अफीफा जफर (द्वितीय) एवं अफ्फान जफर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल, लोहिया नगर विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें पायल रावत ने प्रथम, अफीफा जफर ने द्वितीय एवं अफ्फान जफर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने सभी विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए। गणित में 99 प्रतिशत, अंगेजी में 92 प्रशित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 91 प्रतिशत, हिन्दी में 87 प्रतिशत तथा कला में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस परिणाम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का पूर्ण योगदान रहा। परीक्षा के दिनों अध्यापकों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं की अतिरिक्त कक्षाएं शाम को भी लगाई गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम सिसौदिया ने सभी विद्यार्थियों को सफलता की बधाई दी और कहा कि कड़ी मेहनत करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

## कहा, मोदी और अतुल गर्ग की जीत होगी ऐतिहासिक

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संभाला लाइन पार इलाके में चुनावी मैनेजमेंट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान होना है और मतदान से पहले सभी पार्टी के पदाधिकारी और प्रत्याशी मेहनत कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अतुल गर्ग के लिए लाइन पार के कई इलाकों में प्रचार किया और वोट मांगे। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अतुल गर्ग को वोट करें।

लोग जाति और लाभ-हानि छोड़कर भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने पर जोर दें। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर क्रॉसिंग रिपब्लिक, ढूंढहेडा, प्रताप विहार सेक्टर-11, प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार और खजान की धर्मशाला पटेल नगर सहित अन्य इलाकों में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अतुल गर्ग के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की जीत को शत-प्रतिशत बनाने के लिए पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री भी जुट गए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर इलाके से जुड़े आसपास के क्षेत्र में चुनावी प्रचार किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप सबसे पहले सुबह बिहारीपुरा विजयनगर में पहुंचे, यहां थान सिंह कश्यप के यहां लोगों को संबोधित किया और अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया। इसके बाद ग्राम डूंडाहेड़ा निकट क्रॉसिंग रिपब्लिक में रामगोपाल जाटव के आवास और मलिन बस्ती में अतुल गर्ग के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने करीब 1:00 बजे प्रताप विहार सेक्टर-11 विजयनगर में पहुंचे, यहां शिवकुमार कश्यप के घर पर लोगों से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इसके साथ ही प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार में राजेश गुप्ता के आवास पर पहुंचे और वहां लोगों से जनसंपर्क कर वोट मांगे। इसके साथ ही दोपहर के लिए तीन बजे खजान की धर्मशाला पटेल नगर में ओबीसी समाज के लोगों को एकत्रित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील भी की गई।

### मोदी को चुनेगी गाजियाबाद की जनता : नरेंद्र कश्यप

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता फिर एक बार विश्वास के साथ मतदान करेगी। साथ ही गाजियाबाद की लोकसभा सीट पर भी भाजपा और अतुल गर्ग को बड़ी विजय मिलेगी। उन्होंने कहा है कि पार्टी का एक-एक पदाधिकारी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए जुटा हुआ है। सभी का यह सपना 4 जून को हकीकत में तब्दील होगा।

## अखिल भारतीय बाल्मीकि समाज ने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को दिया समर्थन

### महर्षि बाल्मीकि की स्मृतियों को संजोए रखने के लिए भारतीय बाल्मीकि समाज के लोग बधाई के पात्र हैं : डॉली शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अखिल भारतीय बाल्मीकि खेलकूद परिषद, प्रताप विहार के द्वारा महर्षि बाल्मीकि पार्क, नवयुग मार्केट में आयोजित बाल्मीकि सम्मेलन में शिरकत की। इससे पहले उन्होंने पार्क परिसर में स्थापित महर्षि बाल्मीकि का दर्शन किया और आशीर्वाद लिया।

महर्षि बाल्मीकि का जीवन-दर्शन हम सबके लिए अनुकरणीय : इस मौके पर उन्होंने कहा कि महर्षि बाल्मीकि का जीवन-दर्शन हम सबके लिए अनुकरणीय है। उनके बताए हुए रास्तों पर चलकर ही हम लोग समतामूलक भारतीय समाज का निर्माण कर सकते हैं। उनकी स्मृतियों को संजोए रखने के लिए उन्होंने भारतीय बाल्मीकि समाज की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस समाज ने मुझे समर्थन देकर सियासत में प्रतिभाशाली पीढ़ी में आगे बढ़ाने का जो कार्य किया है, वह समाज की दशा और दिशा बदलने का परिचायक है। मैं इस मेहनतकश समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि कांग्रेस गठबंधन केंद्रीय सत्ता में आता है तो सरकारी-निजी नौकरियों से ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति की जाएगी। कांग्रेस इस बात की गारंटी देते हुए आप युवाओं के समर्थन की अपेक्षा रखती है। उन्होंने भीड़ से ही पूछ लिया, बोलो, मत समर्थन दोगे या नहीं। भीड़ ने एक स्वर में कहा- शत-प्रतिशत देंगे। सबसे बड़े अंतर वाली जीत दिलवाने के लिए कठोर परिश्रम करेंगे। इससे पहले अखिल भारतीय बाल्मीकि समाज ने सम्मेलन करके इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को अपना पूर्ण समर्थन दिया। इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, वीर सिंह चौधरी आदि नेता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष ऋषिपाल धींगान ने की।




## देहात के किस थाने में चल रहा है एसओजी का राज




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों देहात जोन का एक थाना ऐसा है जहां के लिए चर्चा सुनने को मिल रही है कि यहां आजकल एसओजी का राज चलता है। थाने के थ्री-स्टार शांत चल रहे हैं और इलाके वाले साहब का ना विहंगम तेज है और ना वह बल दिखा पा रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि थाने में मुकदमों की पैरवी से लेकर थाने में दर्ज होने वाले मामलों की धाराओं का भी आदेश भी आजकल एसओजी वाले रुम का ही चल रहा है। सूत्र तो यह भी कह रहे हैं कि थानाक्षेत्र में जितनी प्रभारी की बात नहीं है उतनी एसओजी के चार चेहरों की। वैसे कहा जाता है कि उनके जोन वाले साहब सबसे दमदार और लगातार कार्रवाई करते हैं। खेल करने वालों को वह लाइन और सस्पेंड वाला पनिशमेंट देते हैं। अनुशासन के मामले में भी उनके जोन में बेहतर रहता है लेकिन नदियापार से सटे वाले जोन के सबसे पुराने थाने का हाल इन दिनों बेहद विचारणीय चल रहा है। टू-स्टार तो इतने परेशान हैं कि एसओजी वालों के आगे उनको बौना साबित होना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इलाके वाले साहब अनजान हैं या उनतक शिकायतों का अंबार नहीं है लेकिन वजह कुछ तो है जो वह खामोश बैठे हैं। वहीं ना जाने क्यों वह आईपीएस अधिकारियों तक मामला नहीं पहुंचा रहे हैं। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि एसओजी का कोई कुछ कर नहीं पा रहा है क्योंकि अभी चुनावी सीजन चल रहा है और एसओजी वालों का समय पूरा हो चुका है, इसलिए वह दिल्ली व दूसरे जनपद से लगने वाली विधानसभा के खास थाने में आजकल खुलकर खेल रहे हैं। कुल मिलाकर थाने वाले कह रहे हैं कि अगर देहात वाले इस सर्किल और थाने का हाल ऐसा ही रहा तो आने वाले दिनों में यहां कुछ बड़ा बवाल भी हो सकता है। वैसे इनके जोन वाले साहब के मामला संज्ञान में आते ही जरूर लाल पेन वाला इंतजाम करेंगे। पर या तो अभी उनको एसओजी के कारनामों की जानकारी नहीं है या मामला कुछ और है जो वह खामोश चल रहे हैं। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले एसओजी वाले अभी खुलकर खेलने का कारनामा कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि कई टू-स्टार इलाके वाले साहब को इशारों ही इशारों में मामले ही हिंट दे चुके हैं पर कुछ तो मामला है जो कोई भी कार्रवाई वाली हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। वैसे बातें बाहर आ रही हैं तो बातों में दम तो जरुर होगा ही।

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले 131 कार्मिकों पर एफआईआर दर्ज, विभागीय व दण्डात्मक कार्रवाई के दिए आदेश

● अनुपस्थित कार्मिक जल्द से लें प्रशिक्षण: प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल के नेतृत्व में आईटीएस कॉलेज के 31 कमरों में 16 से 21 अप्रैल तक चल रहे निर्वाचन कर्मियों के प्रशिक्षण के क्रम में 20 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत कार्मिकों का दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 3216 कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 40 पीठासीन अधिकारी, 25 मतदान अधिकारी प्रथम, 17 मतदान अधिकारी द्वितीय और 49 तृतीय मतदान अधिकारी सहित कुल 131 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

### अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश

प्रभारी कार्मिक अभिनव गोपाल द्वारा उक्त सभी 131 अनुपस्थित कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। कहा कि उक्त कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण का समय देते हुए तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण पूरा कराया जाए। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। उक्त प्रशिक्षण श्री अभिनव गोपाल, आईएएस मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्मिक टीम द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया। आईटीएस कैम्पस में बैलेट के माध्यम से मतदान कार्य भी जारी रहा, जिसका लाभ अनेक कार्मिक ने उठाया।

## पूर्णज्ञानंजली इंटर कॉलेज मे छात्र-छात्राओं को दी बधाई और निरंतर मेहनत करने के लिए किया गया प्रेरित



**मुरादनगर करंट क्राइम।** इंटरमीडिएट व हाई स्कूल का परीक्षाफल घोषित हुआ ' नगर क्षेत्र में स्थित पूर्णज्ञानंजली इंटर कॉलेज के सितारे चमके हाई स्कूल के अनस पुत्र साजिद ने जिले में 600/565 , 94.1% अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया ' मयंक पुत्र हरीश कुमार 600/552, 92% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया व विशेष पुत्र आनंद कुमार ने 547/600 , 91.10% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया ' इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग की छात्रा मानसी पुत्री राकेश ठाकुर ने 450 /500 , 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ' सिकंदर ने 438 /500 , 87.6 प्राप्त करके विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ' दीपांशु ने 431/500 , 86.2 % प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया ' विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई दी और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी राठौर वह समस्त शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की मेहनत का फल बताया और बच्चों को भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी ' विद्यालय के छात्र अनस ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्य शिक्षक गण वह अपने माता-पिता को दिया। विद्यालय का परीक्षा शत प्रतिशत रहा।

### दहेज लेकर नवविवाहिता के साथ की मारपीट

**लोनी करंट क्राइम।** स्नेहलता नवविवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में पांच लाख की नकदी और मकान की मांग पूरी ना करने पर मारपीट तथा जेठ पर छेडछाड का आरोप लगाते हुए ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला की शादी कुछ दिन पूर्व अमन गार्डन कॉलोनी ईलायचीपुर निवासी अकित मिश्रा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालियां दहेज में कार की मांग करने लगे, लेकिन कुछ दिन बाद पांच लाख की नकदी और मकान की मांग करने लगे। जिसको पूरा ना करने पर विवाहिता के साथ ससुराल में मारपीट की जाने लगी। आरोप है कि उसका जेठ उसके साथ छेडछाड करता था तथा पति का फुफेरा भाई भी उसके साथ अश्लील हरकते करता था। जिसमें उसका ससुर भी सहयोग करता था तथा उसके साथ मारपीट की जाती थी। पीडिता ने पिता के घर पहुंचकर पति, सास, ससुर, जेठ जेठानी तथा पति के फुफेरे भाई के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### बच्ची की हत्या , पुलिस को नहीं मिला अभी तक हत्यारे का सुराग

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में चार साल की नर्सरी की छात्रा को अगवा कर पत्थर से वार कर हत्या करने के मामले में पुलिस अभी तक कातिल तक नहीं पहुंच पाई है। हत्यारे की गिरफ्तारी ना होने के कारण ग्रामीणों में पुलिस के प्रति रोष बढ़ता ही जा रहा है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। थाना क्षेत्र के एक गांव में दस रुपए लेकर बिस्कुट लेने निकली चार वर्षीय नर्सरी छात्रा को अगवा कर पत्थर से वार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद शव को खड़हर बने चुके मकान में डाल दिया था। इस मामले में मृतका के चाचा ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूचना पर मौके पर पहुंची डॉग स्कावड़ टीम ने जब रजाई को सुघांकर डॉग को छोड़ा तो वह एक घर के पास आकर रुक गया। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक हत्यारे के पास तक नहीं पहुंच पाई है। हत्यारे की गिरफ्तारी ना होने के कारण ग्रामीणों का पुलिस के प्रति रोष बढ़ाता ही जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द हत्याकांड का खुलासा नहीं हुआ तो हंगामा भी कर सकते है। पुलिस को आशंका है कि बच्ची की हत्या करने वाला व्यक्ति गांव का ही रहने वाला है।

## लोकतंत्र में पर्व में मतदान की आहुति डाल निभाएं अपनी जिम्मेदारी : डॉ. नीलम शर्मा





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उजाला समिति और छोटू राम किशन इंटर कॉलेज दुहाई, एस.के.एस पब्लिक स्कूल मोरटा, असालत नगर स्कूल के नेतृत्व में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बच्चों ने पोस्टर बनाये और गाँव में रैली निकलवाई गई। समिति अध्यक्ष डॉ. नीलम शर्मा ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया। कहा, मतदान लोकतन्त्र का पर्व है और हमें अपनी ज़िमेदारी निभानी है। 26 अप्रैल को अपने मत को उपयोग करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्थान के सभी विद्यार्थी और स्कूल की प्रधानाचार्य सविता, ऊषा शर्मा, ममता, रेनू, अपूर्वा, रश्मि, सीमा, शालिनी, विभा, अर्चना, लक्ष्मी, कविता नीतू उपस्थिति रहीं।





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं गाज़ियाबाद लोकसभा चुनाव संयोजक अजय शर्मा इन दिनों भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव को लेकर काफी मेहनत कर रहे है। आज डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की एक जनसभा लोनी और एक जनसभा खोड़ा पालिका में होनी है जिसकी तैयारियों को लेकर एक दिन पूर्व अजय शर्मा ने सभा स्थलों पर पहुँच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर राजेश्वर प्रसाद, लेखराज माहौर सहित कई कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे ।




# यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी, नोएडा में दसवीं में तनिश और बारहवीं में निधि रानी ने किया टॉप



**12वीं में मिहिर भोज गर्ल्स इंटर कालेज दादरी की छात्रा निधि रानी ने 93.80 प्रतिशत हासिल कर जिले में पहला स्थान पाया है। निधि रानी के 500 में से 469 अंक आए हैं।**

नोएडा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 101 साल का रिकार्ड तोड़ते हुए सबसे कम दिन में शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। गौतमबुद्ध नगर में हाईस्कूल के 95.11 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के 84.96 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की।

पिछले सत्र में हाईस्कूल में 93.03 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 82.41 प्रतिशत छात्र पास हुए थे। इस बार हाईस्कूल में 2.08 और इंटरमीडिएट में 2.55 प्रतिशत छात्रों ने अधिक सफलता पाई है। 10वीं में एसडीएस इंटर कालेज नवादा दनकौर के छात्र तनिश ने 95.83 प्रतिशत के साथ जिले में टाप किया है। तनिश के 600 में से 575 अंक आए हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर शिवराज शर्मा इंटर कालेज के नीरज सोंलकी, एसआरएस इंटर कालेज, खेडा धर्मपुरा की विधि और तीसरे पर नोएडा कन्या इंटर कालेज भंगेल की अंकिता सिंह ने हासिल किया है। नीरज सोंलकी,विधि के 93.40 प्रतिशत अंक और अंकिता सिंह के 93.20 प्रतिशत अंक आए हैं।यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शनिवार को बोर्ड की ओर से घोषित कर दिया गया। हाईस्कूल में प्रदेश में तीसरे नंबर पर सबसे अधिक छात्र गौतमबुद्ध नगर में पास हुए है। हाईस्कूल का जिले में परिणाम 95.22 प्रतिशत रहा। पहले नंबर पर भदोही और

दूसरे नंबर पर प्रयागराज के छात्रों ने जगह बनाई है। 2022 में प्रदेश में पहले पायदान पर जिले के छात्रों ने जगह बनाई थी।

साल 2023 में जनपद की रैंक सातवीं थी। इस सत्र में जनपद ने चार की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया है। साल 2022 में जनपद पहले पायदान पर था। वहीं इंटरमीडिएट में सातवीं से 32वें पायदान पर जनपद पहुंच गया है, लेकिन छात्रों के पास होने के प्रतिशत में इजाफा हुआ है। पिछले सत्र में 82.41 प्रतिशत छात्र पास हुए थे, लेकिन इस सत्र में 84.96 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।

वहीं, ग्रेटर नोएडा-गौतमबुद्ध नगर इंटर में परिणाम 84.96 फीसदी रहा। जनपद प्रदेश में 32वें स्थान पर रहा। जबकि पिछले साल 93.03 फीसदी रिजल्ट रहा था।

बता दें, नोएडा में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल का रिजल्ट इस बार 95.11 फीसदी रहा। जबकि पिछले साल 93.03 रहा था।

हाईस्कूल में नोएडा जिले में तनिश ने 95.83 अंकों के साथ टॉप किया है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में निधि रानी ने 93.80 से जनपद में टॉप किया।

## दादरी की निधि रानी ने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल किए

वहीं 12वीं में मिहिर भोज गर्ल्स इंटर कालेज दादरी की छात्रा निधि रानी ने 93.80 प्रतिशत हासिल कर जिले में पहला स्थान पाया है। निधि रानी के 500 में से 469 अंक आए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में 22,828 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 21,554 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। अब 20,501 छात्रों ने परीक्षा पास की है, जो 95.83 प्रतिशत है।

## 10वीं में जिले में तनिश ने 95.83 प्रतिशत

प्रतिशत अंकों के साथ टाप किया है। दूसरे नंबर पर डालचंद शर्मा मिथलेश देवी ज्ञान दीप इंटर कालेज रबूपुरा के योगेंद्र और तीसरे नंबर पर बीआर पब्लिक इंटर कालेज, पर्थला खंजरपुर नोएडा की खुशी कुमारी रहीं।

## इंटरमीडिएट में 19179 छात्र थे पंजीकृत,18556 ने परीक्षा दी

योगेंद्र और खुशी कुमारी के 95.17 और 94.83 प्रतिशत अंक आए हैं। इंटरमीडिएट में 19179 छात्र पंजीकृत थे, इनमें से 18556 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें 15686 छात्र पास हुए। जो 84.96 प्रतिशत है। मिहिर भोज बालिका इंटर कालेज दादरी की छात्रा निधि रानी ने 93.80 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में टॉप किया है।

# कांग्रेस नेताओं की बहन की शादी के अवसर पर आशीर्वाद देने पहुंचे राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी



नोएड़ा करंट क्राइम। नोएडा के गांव हरौला क शर्मा मार्किट स्थित निवासी ब्राह्मण शिरोमणि धार्मिक पंडित मांगेराम शर्मा की भतीजी एव वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा की पुत्री एव वरिष्ठ नेता कांग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा एव प्रदेश्य सदस्य यतेंद्र शर्मा की बहन की शादी के अवसर पर आशीर्वाद देने पहुँचे। सतेन्द्र शर्मा ने बताया की हमारे चाचा जगदीश शर्मा पत्रकार की पुत्री का विवाह 20 अप्रैल शाम को होना है चुनाव में व्यस्त होने के कारण बेटी को आशीर्वाद देने सुबह 11.30 बजे आवास पहुँचे। प्रमोद तिवारी ने आयु चंचल शर्मा को आशीर्वाद दिया और परिवारजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उपस्थित महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव से गौतमबुद्धनगर लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की ओर सगठन को मजबूत बनान के लिए निर्देशित किया। वहां सभी कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ को मजबूती से चुनाव प्रचार-प्रसार में मेहनत करने के लिए कहा इस अवसर पर पंडित मांगे राम शर्मा,पंडित जगदीश शर्मा पत्रकार,वरिष्ठ नेता कॉंग्रेस सतेन्द्र शर्मा, अल्पसंख्यक के सचिव लियाकत चौधरी,महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,प्रदेश्य सदस्य यतेद्र शर्मा,नेता दयाशंकर पांडेय,प्रदेश पूर्व आउटरीच के महासचिव विक्रम चौधरी,आप नेता जितेंद्र शर्मा,विनोद गुप्ता,महावीर अवाना,गिरिश शर्मा,रविन्द्र शर्मा,अमन इफोर्ट के पत्रकार अकरम चौधरी,उद्योगपति वरिष्ठ समाजसेवी पंडित मुकेश शर्मा,अरुण प्रधान, अक्षय शर्मा,सौरभ शर्मा,धर्मेंद्र शर्मा,सचिन शर्मा,त्रुधन,सहित लोग उपस्थित रहे,वहाँ सभी ने माननीय प्रमोद तिवारी जी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# नोएडा में नमो सेवा केंद्र : गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने जरूरतमंदों का बनवाया कार्ड, कैंप लगाकर की मदद




नोएडा। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में सेक्टर-36 स्थित कम्युनिटी सेंटर में एक भव्य जन कल्याण कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-36 की आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनीता सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस मेगा कैंप में नमो सेवा केंद्र के माध्यम से लगभग 150 से अधिक परिवारों के सदस्यों को अलग-अलग जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक करना रहा। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से घर बैठे अपना नाम मतदाता सूची में चेक करने की जानकारी दी और लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।


### कैंप में ये कार्ड बनवाएं

प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल ने कहा कि कैंप में 32 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवाए गए, जबकि 12 लोगों के ई-श्रम कार्ड भी बनाकर उन्हें लाभार्थी परिवारों को सौंपे गए।

इसके अलावा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**प्रवक्ता गोपाल अग्रवाल ने कहा कि कैंप में 32 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवाए गए, जबकि 12 लोगों के ई-श्रम कार्ड भी बनाकर उन्हें लाभार्थी परिवारों को सौंपे गए।**

# पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह की मुश्किल बढ़ी, हाईकोर्ट से बड़ा झटका



नोएडा। नोएडा के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सीबीआई स्पेशल कोर्ट गाजियाबाद के 21 दिसंबर 2013 के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस मामले में कोर्ट ने साफ कहा है कि धारा 88 के तहत दायर पूरक चार्जशीट में यादव सिंह को जमानत देने के लिए बांड स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### याचिका का विरोध

हाईकोर्ट ने कहा कि यादव सिंह सीआरपीसी की धारा 88 का लाभ पाने के हकदार नहीं हैं। उन्हें नियमित जमानत अर्जी दायर करनी होगी। अगर वे जमानत अर्जी देते हैं तो विशेष अदालत नियमानुसार फैसला करेगी।

जस्टिस संजय कुमार सिंह की एकल पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश और संजय कुमार यादव ने यादव सिंह की याचिका का विरोध किया था। कोर्ट ने कहा कि पूरक चार्जशीट अलग करार बांड से संबंधित है। कुल 1280 करार बांड पर 954.38 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया था।

### जमानत देने से इनकार

इस मामले में सीबीआई ने तीन चार्जशीट दायर की थीं और बाद में अलग करार बांड पर पूरक चार्जशीट दायर की गई। कोर्ट का कहना है कि पहले की चार्जशीट में जमानत मिलने के आधार पर इस पूरक चार्जशीट में जमानत बांड स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

हाईकोर्ट ने यादव सिंह को अग्रिम जमानत देने से भी इनकार कर दिया है। अब यादव सिंह धारा 88 के तहत तीन चार्जशीटों में मिली जमानत के आधार पर इस पूरक चार्जशीट में भी जमानत बांड स्वीकार करने की मांग नहीं कर सकते हैं। उन्हें नियमित जमानत अर्जी देनी होगी। हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि सीबीआई स्पेशल कोर्ट के आदेश में कोई अवैधानिकता नहीं है। बता दें कि 13 जनवरी को गौतमबुद्ध नगर के थाना सेक्टर-39 में धोखाधड़ी, गबन और भ्रष्टाचार के आरोप में यादव सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ली साइबर क्राइम की क्लास, सीखा बचने का तरीका



नोएडा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के साइबर सेल ने आईईईई के सहयोग से एक शानदार साइबर नाइट कार्यक्रम की मेजबानी की। इस गतिशील कार्यक्रम में मून नाइट थीम पर जोर देते हुए बुद्धि और नवाचार का एक अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, तकनीकी उत्साहियों और छात्रों को एक मंच पर लाकर आयोजित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां शामिल थीं। जैसे कार्यशालाएं, वाताएं और मनोरंजक सीटीएफ ( कैप्चर द फ्लैग ) चुनौतियां। कार्यक्रम की शुरूआत "बिट्टन टेक" के नाम से मशहूर अंश भवनानी की व्यक्तिगत साइबर सुरक्षा पर साइबर टॉक से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने एड्रेनालाईन-पम्पिंग सीटीएफ चुनौतियों में भाग लेकर अपने हैकिंग कौशल और समस्या के समाधान क्षमताओं का परीक्षण किया। लकी थंडेल, तपन कुमार जैसे उद्योग विशेषज्ञों की कार्यशालाओं से साइबर सुरक्षा तकनीकों और प्रक्रियाओं की व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। वहीं, तरुण टंडन और करण जैसे विचारक नेताओं की साइबर वाताओं ने नेटवर्क और सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए वास्तविक जगत के अनुभवों और रणनीतियों का खुलासा किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों, डीजे सत्रों और गहन सीटीएफ चुनौतियों के साथ यह काम देर रात तक चलता रहा। दूसरे दिन कार्यशालाएं, वाताएं और सीटीएफ चुनौतियों का फाइनल राउंड हुआ। प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह और सचिन गुप्ता जैसे गणमान्य अतिथियों ने समारोह को गरिमा प्रदान की। अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिसमें अरविंद जैन और डॉके मल्लिकार्जुन बाबू ने भाग लिया।

# नोएडा क्राइम समाचार




## ग्रेटर नोएडा के नामी स्कूल का टीचर बना जल्लाद : बाल न काटने पर बेरहमी से पीटा, डर से घर में कैद हुआ छात्र



ग्रेटर नोएडा। माता-पिता के बाद गुरु को सबसे बड़ा दर्जा दिया जाता है। लेकिन ग्रेटर नोएडा से कुछ तस्वीरें सामने आ रही है। जिन्हें देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे। दरअसल, सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक नामी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र को बाल ना काटना भारी पड़ गया। इस बात पर गुस्साए टीचर ने छात्रा को बुरी तरह से पीटा है इसके बाद उसकी जांघों और शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### क्या है पूरा मामला

इसको लेकर पीड़ित ने सूरजपुर थाना क्षेत्र में एक शिकायत पत्र दिया है। पीड़ित ने शिकायत में लिखा है कि वह मनोज भाटी गांव तिलपत के रहने वाले है उनका भतीजा गोपीचंद स्कूल में 4ड़ क्लास का छात्र है। जिसके साथ 19 तारीख को स्कूल डायरेक्टर करतार ने बाल काटने को लेकर बेरहमी से पीटा है। छात्र दक्ष के बाल बड़े होने पर टीचर आग बबूला हो गया।जिसके बाद उसने दक्ष की बेरहमी से पिटाई कर दी।

### स्कूल जाने से कर रहा इंकार

इस मामले में के बाद छात्र के शरीर में गंभीर चोट आई है। इसके डर से बच्चा स्कूल जाने से मना कर रहा है। इसके बाद परिवार ने थाना सूरजपुर पुलिस से शिकायत की है। बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

### कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते परिजन

इस मामले में पुलिस का कहना है कि किसी गलती को लेकर टीचर ने छात्र को पीटा था। टीचर ने अपनी गलती की माफी भी मांग ली है। वहीं, परिजनों अब इसमें किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता है।

## ग्रेटर नोएडा में 150 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश : पुलिस ने मकान किया सील, जांच में निकला बहन का एंगल

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के ओमीक्रॉन-1 में एक मकान में संचालित हो रही अवैध ड्रग्स फैक्ट्री का पदार्फाश होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उस मकान को सील कर दिया है। पुलिस की पूछताछ से पता चला है कि यह मकान गिरफ्तार नाइजीरियाई नागरिक इमेनुएल की बहन के नाम पर किराए पर लिया गया था, जो ग्रेटर नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय में पढ़ती है।

### फरवरी में तैयार हुआ था मकान

मकान मालिक पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया कि यह मकान फरवरी में बनकर तैयार हुआ था और उन्हें इन लोगों की गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, क्योंकि वे परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। उन्होंने बताया कि मकान किराये पर देने का मकसद बैंक की ईएमआई में कुछ राहत पाना था, लेकिन अब स्थिति बेहद जटिल हो गई है।

### इलाके से पहले भी पकड़े गए थे ड्रग्स तस्कर

इसी मकान से पुलिस ने 150 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ नाइजीरियाई नागरिकों इफियानी जॉनबॉस्को, चिड़ि, इमेनुएल और ऑन्योकैची को गिरफ्तार किया था। आसपास रहने वाले लोग इस मामले पर खामोश हैं, लेकिन पास ही डेयरी चलाने वाले एक बुजुर्ग ने बताया कि पहले भी यहां ड्रग्स तस्करों को पकड़ा जा चुका है। पुलिस आरोपियों की डिजिटल गतिविधियों की जांच कर रही है। पुलिस इस मामले में आरोपियों के सोशल मीडिया की भी जांच कर रही है।

### कैसे हुआ खुलासा

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि थाना ईकोटेक-1 प्रभारी अनुज कुमार, थाना दादरी प्रभारी सुजीत उपाध्याय और स्वाट टीम के प्रभारी यतेंद्र सिंह ने एक सूचना के आधार पर गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के पास से ओनय्कची फ्रैंक और इमैनुवल को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पुलिस ने एक कार में रखी हुई एमडीएमए मादक पदार्थ बरामद की थी। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि ओमिक्रान-1 में स्थित एक मकान में वो लोग रहते हैं और वहां पर एमडीएमए समेत अन्य मादक पदार्थ बनाने की लोग फैक्ट्री चलाते हैं।

### मौके से 26 किलो 760 ग्राम ड्रग्स मिला

इस पूछताछ के बाद पुलिस ने उस मकान में छापा मारकर वहां मौजूद इफेनयी जॉनबॉस्को और चिडी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बनी हुई कुल 26 किलो 760 ग्राम क्रिस्टल (एमडीएमए पाउडर) बरामद किया। इसके अलावा अवैध रूप से मादक पदार्थ बनाने में प्रयोग होने वाले कच्चा माल, उपकरण, रासायनिक माल, रसायन और दो कार बरामद हुई है।

### रेंट एग्रीमेंट लड़कियों के नाम

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी नाइजीरिया से आकर भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। ये लोग मादक पदार्थ बनाकर देश के विभिन्न भागों में और यहां के कई विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेचते थे। पुलिस को मकान का रेंट एग्रीमेंट मिला है, जिसमें लड़कियों के नाम लिखे हुए हैं। इन आरोपियों के साथ दो लड़कियां और शामिल हैं, जो मूल रूप से अफ्रीका की रहने वाली है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी विधानसभा क्षेत्र में किया विशाल रोड शो

## हाथ जोड़कर सड़कों पर खड़े लोगों का करती रहीं अभिवादन, जगह-जगह पर लोगों ने फूल बरसाए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में एक भव्य रोड शो का आयोजन किया। इससे पहले उन्होंने आम लोगों से केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार को बदल देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक ऊजार्वान व जनहितैषी राजनेता हैं। लिहाजा, लोग उनके नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को केंद्रीय सत्ता सौंपने का मन बना चुके हैं। क्योंकि राहुल गांधी पूंजीपतियों की नहीं, बल्कि आम आदमी की बात करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी ने लोगों की भलाई के लिए कांग्रेस की विभिन्न गारंटियों की घोषणा की है, जिस पर सत्ता मिलते ही अमल शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारी हिमाचल प्रदेश सरकार, कर्नाटक सरकार और तेलंगाना सरकार कांग्रेस की विभिन्न गारंटियों को सफलतापूर्वक लागू कर चुकी हैं।

लेकिन जब केंद्र में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे तो पूरे देश में कांग्रेस की गारंटियों को लागू किया जाएगा। इससे किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों को आशातीत लाभ मिलेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा सबसे पहले अपने लोनी विधानसभा कार्यालय इंद्रपुरी पहुंचीं।

वहां पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उसके बाद खुली जीप पर सवार होकर डॉली शर्मा नगर अभिवादन के लिए निकल पड़ीं। उनका काफिला उनके पीछे हो लिया, जो एक भव्य रोड शो के रूप में तब्दील होता चला गया।









### कांग्रेस प्रत्याशी ने गणमान्य लोग के साथ मुलाकात तथा बैठक की

**(करंट क्राइम)।** डॉली शर्मा ने विकास कुंज में पैदल यात्रा की। जबकि लक्ष्मी गार्डन में यासीन भाई के यहां बैठक की। उधर 3 फुटा रोड, इदरिशिया मदरसा, कंचन पार्ट, इकराम नगर में हाजी मेजर बाबू, नगर अध्यक्ष के यहां गणमान्य लोगों से मिलीं। तत्पश्चात आमिर वाला मेडिकल स्टोर, 30 फीट रोड, अशोक विहार में गफ्फार मलिक, पूर्व पार्षद के आवास पर बैठक कीं। उसके बाद जैन समाज के लोगों से गली नम्बर 15 स्थित अनिल जैन के यहां मिलीं। उन्होंने महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी लोगों को दीं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, परविंदर शर्मा, नीरज शर्मा, मोहित शर्मा, अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक, अमित यादव आदि लोग उनके साथ रहे।

### जनता ने पुष्प वर्षा कर डॉली शर्मा का किया स्वागत

**(करंट क्राइम)।** एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि लोनी की सड़कों पर लोग खचाखच भरे रहे। इंद्रापुरी, बाल सांगल, नयपुरा, प्रेम नगर, आर्यनगर, 100 फुटा रोड, राजीव गार्डन, संगम विहार, बेहटा विलेज, रतिराम कॉलोनी, जोहरी एंक्लेव, गुलाब वाटिका, लालबाग, नई बन्नी कॉलोनी, सलेख नागल, विकास नगर, सुजालाबाद, अशोक विहार, राहीद गेट, टोली मोहल्ला, इकराम नगर, कंचन पार्क, मुखिया गेट आदि जगहों पर लोगों ने पुष्प की पंखुड़ियों से उनकी अगुवानी की। देखा गया कि पूरे रास्ते में लोग कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, प्रियंका गांधी जिंदाबाद, डॉली शर्मा जिंदाबाद के नारे लगते रहे। बीच-बीच में अजय राय जिंदाबाद, अविनाश पांडेय जिंदाबाद आदि के नारों से पूरी लोनी गूंज उठी। पहली बार ऐसा महसूस किया गया कि अपनी-अपनी कार और बाइक पर सवार लोग अनुशासित रहकर आगे बढ़ते जा रहे थे। वहीं, नगरवासी अपनी नेता का दीदार करने को आतुर दिखाई दे रहे थे, जो उनकी बढ़ती लोकप्रियता का परिचायक है।

# कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ में मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शनिवार को कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ, संजय नगर, गाजियाबाद में भागीरथ सेवा संस्थान, गाजियाबाद एवं सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के सहयोग से एक दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं विशेषकर छात्र-छात्राओं को मतदान की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भूमिका की महत्ता को समझाना था। कार्यशाला का शुभारम्भ अथितिगण के रूप में सुधीर कुमार त्यागी, दिव्यांगजन अधिकारी, गाजियाबाद, डॉ. देवांकर, अमिताभ सुकुल, निदेशक भागीरथ सेवा संस्थान, डॉ. संजीव कुमार त्यागी प्राचार्य कैमकुस कॉलेज ऑफ लॉ, समस्त उपस्थित फैकल्टी मैम्बर्स द्वारा मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

### बिना किसी द्वेषभाव, जाति, धर्म को भूलकर मतदान करें

**(करंट क्राइम)।** अतिथिगणों ने अपने अभिभाषण में उपस्थित जनों को उनके मताधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि आपका बहुमूल्य वोट निष्पक्ष लोकत्रंत को स्थापित करता है, इसलिए आप सभी अपने मत का प्रयोग आने वाले संसदीय चुनाव में बिना किसी द्वेषभाव, जाति, धर्म को भूलकर आवश्यक रूप से करें। साथ ही अपने आसपास के क्षेत्र के सभी मतदाताओं को उनके मताधिकारों के बारे में भी जागरूक करें। इस उद्देश्य कि पूर्ति हेतु कॉलेज के छात्र-छात्राओं का 'चुनावी साक्षरता क्लब' का गठन भी किया गया। इसके अलावा चुनावी महत्ता एवं उसकी जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसका विषय था- 'मेरा वोट, मेरा अधिकार - एक वोट की शक्ति'। प्रतियोगिता में बी.ए.एलएलबी. छठे सेमेस्टर के छात्र हर्षित भट्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेकेंड सेमेस्टर कि छात्रा श्रेया शर्मा ने द्वितीय, एवं बी.कॉम एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर कि छात्रा कीर्ति लोमास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला का समापन कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार त्यागी ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद करते हुए एवं छात्र-छात्राओं के लिए रिफ्रेशमेंट कि उद्घोषणा के साथ किया।

### चुनाव के प्रति जागरूक करने का लिया संकल्प

# भाजपा नेता डीडी यादव लगातार कर रहे हैं जनसंपर्क



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद चुनाव का समय अब नजदीक आ रहा है। भाजपा ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है।

इसी कड़ी में विशेष संपर्क अभियान के दौरान सामाजिक लोगों से संपर्क करते हुए डीडी यादव पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद सदस्य संचालन समिति लोकसभा गाजियाबाद ने बैठक की। इस बैठक में प्रमुख रूप से जाटव समाज से गंगासरण जाटव, अरुण जाटव, अनिल जाटव, जितेंद्र वाल्मीकि, निखिल पंडित, पूर्व सभासद सोनू पंडित, पुष्पेंद्र सैनी, निर्दोष सैनी, उदयवीर ठाकुर, पंकज ठाकुर, महेश सिंह ठाकुर एवं प्रमुख सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

सभी गणमान्य लोगों ने संकल्प लिया कि समाज में जाकर संपर्क करेंगे और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए अपने-अपने समाज को प्रेरित करेंगे।

# लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने राजनगर में आयोजित जनसभा को किया संबोधित

## आपका एक वोट आपके साथ-साथ हर गरीब की आवाज को बुलंद करेगा : अतुल गर्ग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने राजनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बने हैं उसके बाद से आज का भारत, दुनिया को दिशा दिखाता है। अब दुनिया देख रही है कि केवल 10 वर्षों में भारत की साख और हैसियत कैसे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा, आने वाली 26 तारीख को आप सभी राजनगरवासी अधिक से अधिक संख्या में बढ़कर मतदान में हिस्सा ले, अपने सगे-संबंधी मित्रों के साथ मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग जरूर करें।









### गर्मी व धूप के बावजूद भारी संख्या में पहुंचे लोग

**(करंट क्राइम)।** चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार सुबह 9 बजे बीजेपी उम्मीदवार अतुल गर्ग राजनगर पहुंचे। सभा में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष अरुण भुल्लन, पूर्व मेयर आशु वर्मा, भाजपा लोकसभा चुनाव संयोजक अजय शर्मा, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोगा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, राज नगर वार्ड 84 के पार्षद प्रवीण चौधरी, राजनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, भाजपा कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, भाजपा सह मीडिया प्रभारी जय कमल अग्रवाल, राजनगर आर डब्लू ए अध्यक्ष दीपककांत गुप्ता, उद्योगपति व समाजसेवी के पी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, ब्रजमोहन सिंघल, राजीव मोहन, सहित राजनगर के सभी गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। राजनगर के लोगों में चुनाव के प्रति उत्साह देखा गया। अत्यधिक गर्मी व धूप के बावजूद भी सैकड़ों लोग अपने स्थानीय व लोकप्रिय प्रत्याशी अतुल गर्ग के स्वागत के लिए मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख योगदान व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजनगर के सभी सम्मानित रेजिडेंट सहित सी ए दिनेश गोयल, प्रभाकर त्यागी, सौरभ गर्ग, वीरेंद्र सारस्वत, आर एन पांडे, ओम प्रकाश पोपली, गुड्डू चौधरी, जय कुमार भारद्वाज, अमित शहरावत, गुड्डू चौधरी, राजीव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रवीण यादव रहे। जनसभा की अध्यक्षता पार्षद प्रवीण चौधरी द्वारा की गई और उन्होंने सभी का धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कहते हैं बेटे भाग्य से और बेटियां सौभाग्य से मिलती हैं। ललित शर्मा को बेटी की प्राप्ति हुई है। उनके घर में बेटी आई है। जगत जननी मां चण्डी जी और राधा रानी जी के आशीर्वाद का आभार व्यक्त किया। अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में इतना सन्नाटा क्यों है भाई : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व देश में मनाया जा रहा है। जिला गाजियाबाद में इस पर्व को मनाने के लिए 5 दिन शेष हैं। शासन-प्रशासन अपना काम मुस्तादी से कर रहा है। पर इतना सन्नाटा क्यों है पर्व में भाई....अभी रफ्तार क्यों नहीं पकड़ रहा चुनाव। क्या सभी प्रत्याशी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। होली-दीपावली से एक दिन पहले तो त्योहार मनाने की चहल-पहल होती है। क्या लोकतंत्र के इस पर्व की चहल-पहल एक या दो दिन पहले होगी। मतदाताओं की मानसिक भावनाओं को जानना प्रत्याशी के लिए जरूरी है। छोटी-छोटी कॉलोनी में इन लोगों को जाना चाहिए। वार्ड 56 को ही ले लीजिए, जिसमें असल गार्डन एनक्लेव भी आता है, यहां एक-एक वोट बीजेपी को जाता है।

### आइए नए राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लें : अजय गुप्ता

**(करंट क्राइम)।** बड़े-बड़े स्टार प्रचारक आ रहे हैं, प्रत्याशी के प्रचार के लिए, वोटर भी समझ चुका है कि उसका वोट कोई कागज का टुकड़ा नहीं। जो डाला,और चल दिए। उसका एक वोट इतना बहुमूल्य है जो एक नए राष्ट्र, एक नया राम राज्य और देश की खुशहाली के लिए है। देश की एकता-अखंडता के लिए आवश्यक है। एक नया राष्ट्र बनाने के लिए आपकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। विश्व में एक शक्ति के रूप में भारत अपना रूप दिखा सके। आइए हम सब संकल्प लें, राष्ट्र के उद्धार के लिए, हम सब अपना कीमती वोट 26 तारीख को जरूर इस्तेमाल करेंगे। घूमने-फिरने में दिन जाया नहीं करेंगे। आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत उसका एक वोट ही होता है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : नगर आयुक्त

### कार्यों को रफ्तार देने के लिए किया मोटिवेट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं जिसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समय-समय पर टीम को मोटिवेट कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग के साथ-साथ निर्माण के ठेकेदारों से भी बैठक की तथा सीधी बात करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी कार्यों को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण एन.के. चौधरी, अधिशासी अभियंता फरीद जैदी, अधिशासी अभियंता देशराज, कई फर्मों के ठेकेदार व अन्य निर्माण की संबंधित टीम भी उपस्थित रही।

### नगर आयुक्त ने निर्माण ठेकेदारों के साथ की बैठक

**(करंट क्राइम)।** मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी ने बताया गया कि निर्माण कार्य को लेकर नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें संबंधित सभी निर्माण के ठेकेदारों ने भी प्रतिभाग किया। नगर आयुक्त ने सभी ठेकेदारों को समय सीमा के दौरान कार्यों को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के लिए भी कहा गया। शहर के पांचों जोन में निर्माण कार्यों को रफ्तार से किया जा रहा है - वसुंधरा, सूर्य नगर, वैशाली, मोहन नगर, डीएलएफ, सेक्टर 23 संजय नगर, डायमंड फ्लाईओवर, गोविंदपुरम, पंचवटी कालका गाड़ी चौक अनेक स्थानों पर निर्माण के कार्य पूर्ण कराये।

### एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानी प्रगति

**(करंट क्राइम)।** एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत विजयनगर जोन में एनएच 9 9 से तिगड़ी गोल चक्कर तथा सेन चौक तक का कार्य कराया गया। कवि नगर जोन अंतर्गत डायमंड फ्लाईओवर की सड़क सुधार का कार्य कराया गया। नसीरपुर फाटक की सड़क सुधार का कार्य कराया गया। वसुंधरा के अंतर्गत वार्ड संख्या 54 सेक्टर 11 तथा वार्ड संख्या 74 में सड़क सुधार का कार्य किया गया। मोहन नगर जोन अंतर्गत वार्ड संख्या 86 राजेंद्र नगर सेक्टर 5 में कार्य किया गया। सिटी जोन के अंतर्गत अमृत स्टील कंपाउंड वार्ड संख्या 22 के अंतर्गत कार्य कराया गया जिसकी मॉनिटरिंग भी लगातार की जा रही है। एयर क्वालिटी में अन्य कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने के लिए भी कहा गया है। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा ठेकेदारों को सख्त हिदायत देते हुए, कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चेतावनी भी दी है। किसी भी लापरवाही के मिलने पर कड़ी कार्यवाही के लिए भी मुख्य अभियंता निर्माण को कहा गया है। मॉनिटरिंग को भी और अधिक प्रबल बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग के द्वारा शहर हित में लगातार विकास कार्य किया जा रहे है जिससे जन-जन को सुविधा प्राप्त हो रही है। कार्य की रफ्तार बनी रहे इसके लिए लगातार निगम अधिकारी तत्परता से कार्य कर रहे हैं जो की सराहनीय है।

